# सच्चाई का आत्मा

... विश्वास।

आइए हम कुछ क्षण के लिए अब खड़े रहें, जब हम प्रार्थना करते हैं। आइये अपने सिरों को झुकाये।

2 हमारे धर्मी स्वर्गीय पिता, जैसा कि हम अब आपके निकट आ रहे हैं, प्रभु यीशु के उस सर्व पर्याप्त नाम में, जो कुछ आपने हमारे लिए किया है, उसके लिए हम आपकी स्तुति करना चाहते हैं, जो हमारी आंखों ने देखा है, और हमारे कानों ने सुना है इस संसार के इतिहास के अंतिम दिनों के समाप्ति के दृश्य में, जब समय अनंतता के अंदर लुप्त होता जा रहा है, और हम उजियालो को चमकते हुए देखते हैं, हम जानते हैं कि अब प्रभु यीशु के आने में अधिक समय नहीं है।

3 हम आपसे मांगते है, स्वर्गीय पिता, आज रात हमें याद रखना। और यदि हम में कोई बुराई है, तो आज रात उसे बाहर निकाल दे, प्रभु, जिससे कि हम आपके सामने आने के योग्य हो सके यदि आप आज रात को आते है। हम बीमारों और जरूरतमंदों के लिए प्रार्थना करते हैं।

4 हम आपकी कलीसिया के लिए प्रार्थना करते हैं, यहां और विदेशों में, संसार भर में है, आपके बच्चे जो हर राष्ट्र में है, ताकि हम हमारे वस्त्र मेमने के लहू में धो सकें, और उस पुकार को सुन रहे हैं, "देखो, दूल्हा आ रहा है। उससे भेंट करने के लिये चलो।" होने पाए प्रभु, परमेश्वर के अनुग्रह के द्वारा, और यीशु मसीह के गुणों से, जिन पर हम भरोसा करते हैं, हम उस समय सक्षम हो सकें। कि हमारे दीयों को ठीक करे और फिर आगे बढ़े जिससे कि दूल्हे से भेंट कर सके। आज रात्रि प्रभु के वचन को ले और हमारे ह्रदयो का खतना करे। सारे अविश्वास को बाहर निकाले। हमें एक बड़ी सेवा दे। यीशु के नाम में हम इसे मांगते हैं। आमीन।

बैठ सकते है।

5 यह निश्चित रूप से अच्छा है कि यहां वापस आना... प्रभु के इस भवन में, आज रात की सभा में। हमारे पास कल बीते शाम का सबसे महिमामय समय था... भाई ग्रूमर। और मुझे याद है कि पिछले वर्ष हमारे पास एक महिमामय समय था।

6 हमारे पास हर कहीं बहुत अच्छा समय रहा है। प्रभु ने हमें बहुतायत से अधिक आशीषित किया है, जितना मैंने सोचा था उससे कहीं अधिक वह करता है। लेकिन वह बस इतना दया और करुणा से भरा हुआ है। उसे बस जानना अच्छा है। क्या ऐसा नहीं है? और यह सोचना, "उसे जानना ही, जीवन है।" उसे जानना ही, जीवन है।

7 अब, कल रात, हम वहां सेन्ट्रल एवेन्यू असेंबली में जाने वाले हैं, मैं सोचता हूं कि इसे यही कहकर बुलाया जाता है। भाई फुलर, एक और अच्छा भाई। और मैं सोचता हूं कि यह वहां पर एक बड़ी कलीसिया है। और हम आशा कर रहे हैं कि हो सकता है कि हमारे पास एक—एक प्रार्थना पंक्ति हो, यदि यह भाई फुलर के लिए ठीक रहेगा तो। इसलिए हम...

8 और फिर, अगली सुबह, हम वहां पर होंगे, मैं सोचता हूं, यहां फीनिक्स में अपोस्टोलिक चर्च कहा जाता है। और मुझे अभी याद नहीं कि पास्टर कौन था, वो भाई, कौन था। क्या मैं पिछले वर्ष वहां पर था? [एक भाई कहता है, "नहीं। यह एक नई मैक्सिकन कलीसिया है, भाई ब्रन्हम।"—सम्पा।]

9 और उसके बाद रविवार रात को हमारे बहुमूल्य भाई आउटलॉ की कलीसिया में, वहाँ पर होंगे, जीसस नेम चर्च। और मैं और मेरा परिवार, वहां पर आने के लिए और उनके कुछ अच्छे गीतों को सुनने के लिए बड़ी अपेक्षा के अंदर है।

10 बिली पॉल को इसके हर एक अंश को रट लेगा। हमने उस गीत को चलाया, *मैं ऊपर जा रहा हूं, ऊपर,* इतना तक कि, उचित रूप से, वो गीत टेप पर घस गया है। वो ऑफिस में चालू करता है, और दिन के किसी भी समय जब मैं वहां जाता हूं, कोई फर्क नहीं पड़ता, वह इसे चलाता रहता है, "ऊपर, ऊपर, ऊपर।" यह कुछ तो है! हमने इसे बहुत चलाया है, और रिकॉर्ड पूरी तरह खराब होने पर है।

11 आप जानते हैं, मुझे आज रात्रि एक प्रकार से महसूस हो रहा था, कि, मेरा गला थोड़ा ख़राब हो गया है, मैंने सोचा, "ओह, यदि मैं बस वहां किसी को पा सकता हूं, जो मेरे स्थान पर बोले," और यहाँ पर देखने लगा और मैंने जैक मूर को देखा। बिल्कुल सही। मैं कभी नहीं... ओह, मैं विश्वास करता हूं कि यह बस अद्भुत होगा, भाई जैक। [भाई जैक मूर टिप्पणी करते हैं—सम्पा।] अब इसे सुनना।

12 और मैं सोचता हूं कि मैं भाई रॉय बॉर्डर्स को भी यहां पर बैठे हुए देखता हूं। जी हां, श्रीमान। भाई नोएल जोन्स यहां पर बैठे हुए हैं। ओह, प्रभु! हम बस सब जगह, हर कहीं पर देखते है। मैं सोचता हूं कि यह एक अच्छा समय होगा, हो सकता है, यदि मुझे थोड़ा आराम मिल जाता, आप समझते हैं, और इन भले लोगों में से कुछ यहां आये और मेरे स्थान पर बोले जब मेरा गला खराब होता है, आप जानते हैं। भाई जैक ने कहा, “प्रभु उस प्रकाशन में नहीं है।” जब मैं आया तो मैं थक गया था। और मैं—और मैं हमेशा से थोड़ा थका हुआ रहा हूं।

13 और मैं वहां पर खड़े हुए लोगों को देखता हूं, और उन्हें किस तरह से खड़ा होना पड़ता है, और मैं एक प्रकार से आनंदित हूं कि मैं उनके साथ खड़ा रहता हूं। अब, प्रभु आपको आशीष दे।

14 और अब हम इन अन्य आने वाली सभाओं की ओर देख रहे हैं। और फिर अगले सप्ताह यह पेंटीकोस्टल असेम्बली के लिए सभा है, और आगे भी जारी रहेगी। और हम अगले बुधवार रात्रि 11 को और गारफील्ड पर समाप्त करेंगे। मैं उन सभी को दिमाग में याद नहीं रख सकता। उस नगर में, मैं सोचता हूं, फर्स्ट असेंबली ऑफ़ गॉड में है। और—और फिर रमादा में कन्वेंशन आरंभ होगा।

15 और अब वहां बिसनेस मेंस के लिए एक भोज है, जो एरीजोना के उस—उस मुख्य शहर में है: ट्यूसान।

16 और निश्चय ही, हम सब उस फिनिक्स और इन स्थानों को जानते हैं, बस उस शहर के बाहरी क्षेत्र में है। और यह ठीक है। यही मुख्य स्थान है। यही मेरा मूल निवास स्थान है, आप जानते हैं, और इसी तरह, ऊपर पहाड़ी पर। और फिर यह, बस, इस तरह के बाहरी क्षेत्र में है, क्यों, आप सभी को पड़ोसी के रूप में पाकर अच्छा लगा, सो...

17 मैं विश्वास करता हूं कि यह भाई रासमुसन थे, एक रात, उन्होंने एक सभा में कुछ तो इस तरह से कहा, और, ओह, प्रभु, जैसे सभा में बड़ा असर पड़ गया। मैं विश्वास करता हूं कि हम वहां—हम ह्यूस्टन में थे। और ये रामसर था। यही है जो यह था। उसने कहा, जिस रात प्रभु का दूत नीचे आया, उन्होंने तस्वीर को लिया, और उसने कहा, “आप सभी लोग जो यहां आस-पास के डलास से—से है,” कहा, “हम जानते हैं कि यह ह्यूस्टन के बाहरी क्षेत्र में है।” और, ओह, प्रभु! टेक्सास इसे नहीं ले सका,

जैसे आप एरिजोना के लोग ले सकते है। इसलिए सभा में एक बड़ी चुप्पी थी।

18 तो, वो बहुत ही भला है। और अब मैं सोचता हूं कि हम यहां वचन में जायेंगे, और बस थोड़ी देर के लिए एक छोटी सी गवाही को दूंगा। क्या इस प्रकार से यह नहीं बदलेगा? मैंने अभी इसे इतनी जोर से आधात पहुंचाया है, इतना तक कि मुझे आपकी ओर देखने में शर्मिंदा हो रहा है। और हो सकता है आपको थोड़ा सा विश्राम दे, और हमारे प्रभु की भलाई की कुछ गवाही दे।

19 आइए संत यूहन्ना में एक स्थान को देखे, संत यूहन्ना का 16वां अध्याय। और मैंने 16:12 लिया है। मैं संत यूहन्ना के सुसमाचार में उस स्थान से—से पढ़ना चाहता हूं। मैं वचन को पढ़ना पसंद करता हूं, क्योंकि वचन ही है जो हमें बताता है कि यह सच्चाई है। 12वें पद से आरंभ करते हुए, और अब ध्यान से सुने, क्योंकि मैं गवाही देना चाहता हूं।

20 और फिर हम थोड़ा जल्दी अंदर आने की कोशिश करेंगे। मैं आपको बहुत देर तक रोके रखता हूं। और कल रात, क्यों, हम आधा घंटा अतिरिक्त रुकेंगे। यह लगभग एक बजे हो जाएगा, क्या ऐसा नहीं होगा?

इसलिए, तो, यह 12वें पद से आरंभ होता है:

*मुझे तुम से और भी बहुत सी बातें कहनी है, परन्तु अब* तुम *उन्हें सह नहीं सकते।*

*तौभी जब वह सत्य का आत्मा आएगा, तो तुम्हें सब सत्य का मार्ग बताएगा: क्योंकि वह अपनी ओर से कुछ न कहेगा; लेकिन जो कुछ वह सुनेगा, वही वह बोलेगा: और वह आने वाली बातों को तुम्हें* दिखायेगा।

*वह मेरी* अब *महिमा करेगा: क्योंकि वह मेरी बातों में से लेकर, और तुम्हें इसे* दिखाएगा।

*जो कुछ… पिता का है, वह सब मेरा है: इसलिये मैं ने कहा मैं, कि वह मेरी बातों में से लेकर तुम्हें इसे* दिखाएगा।

21 आप जानते हैं, पिछली शाम को, विशेष रूप से, हमारे पास इसका एक छोटा सा नमूना था। अब, हम एक पूर्ण सुसमाचार के लोग होने के नाते, पवित्र आत्मा के सभी कार्यों में विश्वास करते हैं। और अब, यही

एकमात्र तरीका है जिससे हम पूर्ण सुसमाचार हो सकते हैं, वो ये है कि पूरे सुसमाचार पर विश्वास करें, जो कुछ भी प्रभु ने लिखा है। और मैं विश्वास करता हूं कि हम, अपने आप में, कुछ भी नहीं है। हम बस ऐसे ही...

22 जैसा कि मैंने कल भाई कार्ल से कहा, एक पेड़ की ओर देखते हुए, मैंने कहा, "क्या यह एक सुंदर खजूर का पेड़ नहीं है? लेकिन, आखिरकार, इसमें ज्वालामुखी की राख के अलावा कुछ भी नहीं है। बस ये यही है।" और मैंने कहा, "यह अब उस नीलगिरी के पेड़ से कितना भिन्न है। तो, नीलगिरी का पेड़ क्या है? ज्वालामुखी की राख, जिसमें बस एक जीवन होता है।" और मैंने कहा, "आखिरकार, मैं क्या हूं और आप क्या हो? ज्वालामुखी की राख, बिल्कुल ऐसा ही है, जो धरती से है; यह धरती की मिट्टी है, उसमें एक जीवन है।"

23 लेकिन हर एक जीवन को जीवन देने वाले स्वामी के द्वारा बोया गया है, और वह जानता है कि कैसे और क्या करना है। और हर एक चीज जो उसने यहां धरती पर रखी है, वो उसकी महिमा के लिए है। तारे उसकी महिमा के लिए हैं। हवाएं उसकी महिमा के लिए हैं। फूल उसकी महिमा के लिए हैं। और हम उसकी महिमा के मुकुट है।

24 लेकिन ऐसा दिखाई पड़ता है कि हर एक चीज उसकी आज्ञा का पालन करेगी सिवाय मनुष्य के। मनुष्य बस ऐसा प्रतीत होता है... उसके पास ऐसा समय है, क्योंकि केवल वही एक चीज थी जो गिर गई। बाकी की हर एक चीज अपनी मूल स्थिति में बनी रही। लेकिन, मनुष्य गिर गया। इसलिए, परमेश्वर की उसके साथ एक लड़ाई है, कि वह जो सही है उस काम को करे और उसकी आज्ञा माने।

25 और परमेश्वर के लिए बड़ी समस्याओं में से एक, पिछले इन वर्षों में होते हुए रही है, जैसा कि कलीसिया का इतिहास बताता है, कि किसी ऐसे व्यक्ति को ढूंढना है जिसे वह पूरी तरह से अपने नियंत्रण में ले सके। उसे केवल एक मनुष्य की आवश्यकता है। उसने हमेशा ही एक समय में एक ही व्यक्ति का उपयोग किया है। हमने पिछली कुछ रातों में इसका अध्ययन किया: एक व्यक्ति, ना ही एक झुण्ड का। वह केवल एक को चाहता है। ऐसा ही है जिसकी उसे आवश्यकता है। क्योंकि, दो लोगों के पास दो अलग–अलग विचार होंगे। तब वह केवल एक मनुष्य को तैयार करता है, उस एक व्यक्ति में से होते हुए स्वयं का प्रतिनिधित्व करता है। उसने कभी भी इसके

अलावा कुछ नहीं किया। देखा?

26 अब, उसके पास आज एक व्यक्ति है, और वह व्यक्ति वही है जिसके बारे में हमने अभी पढ़ा है: पवित्र आत्मा। वही वो व्यक्ति है जिसे परमेश्वर ने आगे भेजा है, धरती पर यीशु मसीह का आत्मा, परमेश्वर का आत्मा, ताकि मसीह को उसकी कलीसिया के जरिये से प्रकट करे और घोषित करे, देखो, बस कलीसिया में से होते हुए मसीह के जीवन को जारी रखे।

27 अब, यह बहुत ही अद्भुत बात है, और—और फिर भी यह बहुत ही साधारण है, यदि हम बस रुककर और सोचे। हम जोर डालते हैं, हम थरथराते हैं, हम—हम डरते हैं, हम घबराहट और संदेह में पड़ जाते हैं, बस सोचते रहते हैं। "तो ठीक है, मुझे अवश्य ही इसमें जोर डालना है... ? " ये ऐसा नहीं है। यह बस समर्पण करना है, देखो, यह एहसास करना कि आप कुछ भी नहीं है, और बस उसे पूरी तरह से आपको अपने अधिकार में लेने दे, आपकी सोच को अपने अधिकार में लेने दो, उसे अधिकार दे दो।

28 अब, मेरा मतलब बस खाली मन के साथ—साथ मसीह के पास ऐसे—ऐसे ही चलकर जाने का नहीं है। मेरा ऐसा मतलब नहीं है। आप उसके पास अपने सही मन से आये, और एक—एक—एक पश्चातापी मन के साथ, और नम्र होकर। और फिर कहे, "प्रभु यीशु, मैं यहां हूं। अब, यह यहाँ आपके वचन में लिखा हुआ है, कि आपके पास 'अभी भी चेलों से बताने के लिए बहुत सी बातें थी।' आपने कहा, 'वे उन्हें अब ले नहीं पायेंगे।'" और शायद आज हमारे साथ भी यही मामला है, हम उन्हें नहीं समझ सकते हैं।

29 परमेश्वर बस जरा सा कुछ तो अलग चीज को ऊपर ला सकता है, और कुल मिलाकर हम इसकी निंदा करते हैं। बजाए इसके वचन में खोजे कि यह देखे कि यह सही है या नहीं, हम बस इसे जल्दी से कहकर निकाल फेंकते हैं, "इसमें कुछ भी नहीं है।" हमें इन चीजों को खोजना चाहिए, पता लगाना चाहिए कि वे सही हैं या नहीं। और याद रखें, यदि वे सही नहीं हैं, तो वे अंत में खत्म हो जाएंगी, क्योंकि यीशु ने कहा, "हर एक पौधा जो मेरे स्वर्गीय पिता ने नहीं लगाया है जड़ से उखाड़ा जाएगा।"

30 लेकिन मैं सोचता हूं कि यह गमलीएल था जिसने उस समय उस बड़े बयान को दिया, "यदि यह परमेश्वर की ओर से है, तो हम नहीं चाहते कि

हम इसके विरुद्ध लड़ते हुए पाए जाये। और—और यदि यह परमेश्वर की ओर से नहीं है, तो यह किसी भी तरह से बेकार हो जाएगा।" इसलिए, इसका अध्ययन करें और इस पर सोचें।

31 और अब, उसने यहाँ पर कहा, "लेकिन जब वो, पवित्र आत्मा, आता है।"

32 अब, किसी ने, कुछ समय पहले कहा, यह बोल रहा है, कहा, "पवित्र आत्मा असल में आपका मानसिक विचार है। ये आप सोच रहे हैं।" यह बात पवित्र आत्मा को एक विचार में रख देती है।

33 लेकिन बाईबल ने कहा, "जब वो... " और "वो" एक व्यक्तिगत सर्वनाम है। देखा? देखा? "जब वो," वो व्यक्ति, पवित्र आत्मा, परमेश्वर, "आता है, वह इन बातों को तुम पर प्रकट करेगा, जो मैंने तुम्हे बताई है।"

34 तब, आप देखते हैं, सत्य क्या है, इसे जानने का कोई और तरीका नहीं है। केवल... आप इसे संस्कृति या सभ्यता के द्वारा नहीं जान सकते, ना ही धर्म विद्यालय के अनुभवों के द्वारा। आप इसे केवल पवित्र आत्मा के द्वारा ही जानेगे। वही वो एक है जिसे इसे प्रकट करने के लिए भेजा गया है।

अब, फिर, उसने यह भी कहा, "और वह आपको आने वाली चीजों को दिखाएगा।"

35 अब, इब्रानियों, 1ले अध्याय ने कहा, "परमेश्वर ने विभिन्न समयों में और विभिन्न तरीके से भविष्यद्वक्ताओं के द्वारा पूर्वजों से बातें की, लेकिन इस अंतिम दिन में उसके पुत्र, मसीह यीशु के द्वारा करता है।" देखा? यह पवित्र आत्मा है जो अधिकार को ले रहा है, या कलीसिया के अधिकार को ले रहा है, ताकि कलीसिया में मसीह को संचालित करे। तब, आप वैसे ही बन जाते हैं जैसे वो था। वह वैसा ही बन गया जैसा आप थे, ताकि आप बन सके जैसे वो था। देखा? वो आप बन गया, जिससे कि आप वो बन सके। यह, यह—यह बात समझ से ऊपर है। इसे समझाने का कोई तरीका नहीं है, और इसे करने की कोशिश मत करन। केवल इसे स्वीकार करें। उसने इसे बोला, और इससे बात खत्म हो जाती है। बस कहे कि यह सही है, इसका विश्वास करें।

36 अब, एक युवा मसीही होने पर, मैं हमेशा ही इस बात को बोलता आया हूं। मैं खुश था कि कलीसिया से पहले परमेश्वर ने मुझे अपने नियंत्रण में ले लिया। यह बताना कठिन है कि मैं क्या होता। लेकिन मैं—मैं नेतृत्व के

लिए धन्यवादित था और वो सीधा संपर्क जिससे पवित्र आत्मा ने मेरे जीवन को प्रभावित किया, इससे पहले मैं कभी उसे समर्पित करता। क्योंकि, एक छोटे लड़के के नाई, मैं जानता था कि वहां कुछ तो था। उसने बात की थी, और मैंने उससे बात की। उसने मुझसे वापस बात की। और मैंने ध्यान देना आरंभ किया कि वे बातें जो उसने मुझे बताई, एक छोटे लड़के के रूप में, जो कि वे बातें ठीक वैसे ही घटित होने लगी जैसे उसने कहा कि वे होंगी। इसलिए मुझे पता था कि यह सच होगा।

37 अब, मैं अब एक बूढ़ा व्यक्ति हूं। और मैंने—मैंने कभी एक बार भी नहीं... और संसार को—को बुला कर, और उनसे पूछ सकते है। "एक बात पर अपनी उंगली रखो जो उसने मुझे कभी बताई थी, **यहोवा यों कहता है** में, प्रभु के नाम में, लेकिन जो कि पूर्ण रूप से सही और सच्चाई थी, और घटित हुई, हजारों गुना हजारों चीजों में से।" क्या करता है...

38 मैं यह किस लिए कह रहा हूं? देखो, मैंने हम सबको ज्वालामुखी की राख के समान रख दिया है। लेकिन यह परमेश्वर के वचन की प्रतिज्ञा है। इसलिए, मैं अपने आप पर भरोसा नहीं कर सकता। आप अपने आप में भरोसा नहीं कर सकते। लेकिन, कुल मिलाकर, हम उस पर भरोसा कर सकते हैं, जिसने हम पर नियंत्रण कर लिया है। पवित्र आत्मा ने हम पर अधिकार कर लिया है। हमें अवश्य ही उस पर भरोसा होना चाहिए। और जब हम अपने भरोसे को उसमें रखते हैं, तब परिणाम आने लगता है।

39 यह मेरे लिए अनुचित होगा कि—कि मैं यहां तक कि सतह को खरोंचकर कुछ तो बताने की कोशिश करूं जो पवित्र आत्मा ने मेरे टूटे हुए जीवन में किया है, मेरे दिनों में। मैं इसे उसकी खुली हुई बाईबल, उसके वचन के सामने कहता हूं। और यही है जो वो है। वो वचन है।

40 देखो, यह—यह बीज एक आत्मिक अस्तित्व के रूप में यहाँ ज्वालामुखी की राख में आता है। परमेश्वर आत्मा के रूप में आता है और राख में से होकर कार्य करता है। तो, यह मनुष्य नहीं है। यह परमेश्वर है।

41 और यदि मैं बैठ जाऊं, और उन चीजों को लिखने के लिए समय निकालूं, जो मैंने उसे करते हुए देखा है, इससे किताबो का एक खंड बन जायेगा। और इसके बारे में सोचे, यहाँ, तिरपन वर्ष का हूं, और परमेश्वर के सामने, उसकी कलीसिया, और बाईबल के सामने, इस झुण्ड की

उपस्थिति में कह सकता है, कि, "मैंने एक बार भी इसे असफल होते नहीं देखा; हर बार पूरी तरह से लक्ष्य पर होता है।"

42 उस दिन का अपवाद, जब मैं पश्चिम की ओर आया। आप में से बहुतो ने, आपने टेप को चलाया है, मुझे लगता है, आप समझते हैं। मुझे नहीं पता क्या। मैं प्रतीक्षा कर रहा हूं। मैं अब यहां पर हूं। मैं नहीं जानता क्यों। मैं बस प्रतीक्षा कर रहा हूं।

43 यह हो सकता है मेरे घर जाने का समय हो। यह बहुत अधिक इस तरह से दिखाई पड़ता है। यदि ऐसा है, तो मेरे बाद कोई तो उठेगा, जो संदेश को आगे लेकर जाएगा। वह एक अनोखा व्यक्ति होगा, लेकिन वह इसके बाद उठेगा और संदेश को आगे ले जाएगा। और आप इसे सुनना। जब तक यह वचन अनुसार है, इसके साथ बने रहना।

44 यदि ऐसा नहीं है, तो अब एक और भाग आ रहा है, क्योंकि मैं विश्वास करता हूं कि हम अंतिम दिनों में रह रहे हैं, और मैं धन्यवादित हूं कि मैं इस दिन में जीया हूं। मैं इस दिन को किसी भी दिन के बदले नहीं बदलूंगा। यह सबसे महिमामय दिन है जो कभी धरती पर रहा है। ऐसा कोई अन्य दिन नहीं है जिसने कभी इस दिन को लिया हो।

45 ओह, मूसा, एलिय्याह, पौलुस, सीलास, विश्वास के वे महान नायक, बीते दिनों में, उठ कर और एक इतिहास की किताब उठा सकते है, और ठीक उसी बात की ओर देखें जिसके बारे में उन्होंने भविष्यवाणी की थी, पूरी होती है, और देखे कि अब हम कहां पर हैं? क्यों, वे उन्हें एक घंटे में जेल में डाल देंगे। निश्चित रूप से। वे जंगली लोगों की तरह सड़कों पर घूमेंगे, जितना हो सके उतना जोर से, सुसमाचार का फैलायेंगे। "समय निकट है।" तब आज रात्रि हम देखते हैं, कि हम परमेश्वर की महिमा से बिल्कुल रहित है।

46 लेकिन मैं बस कुछ क्षण के लिए दोहराना चाहूँगा, ताकि कलीसिया को समझे...

47 वैसे, क्या बिली पॉल ने आज रात इस कलीसिया में प्रार्थना कार्ड को बांटे है? मैं अभी कुछ मिनट पहले ही ट्यूसान से आया हूं। [कोई कहता है, "हां।"—सम्पा।] उसने—उसने कार्ड दे दिए है। अब, यह उन्हें लाने का प्रयास करने का एक विस्मयजनक तरीका होगा। हम इसे कोशिश करेंगे।

48 अब, मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा, बस इस वचन के ऊपर गवाही दे रहा हूं।

49 कि, मसीह अपने सारे वचनों को पूरा करता है। उसे करना है। उसे यह करना ही है। देखा? मुझे इसे नहीं करना है; मैं एक मरणहार हूं, गलतियों को करता हूं। वह अमरहार है, अचूक है। उसे अपना वचन पूरा करना है। समझे? लेकिन मुझे अपने शब्दों को पूरा नहीं करना है। आपको अपने शब्दों को पूरा नहीं करना है। परंतु वह करता है। ओह, क्या यह आपके अंदर कुछ जगह नहीं रखता, यह जानने के लिए कि वह—वह उस वचन से पूरी तरह बंधा हुआ है?

50 और, कि, इस सप्ताह, हम कैसे बाईबल में से होते हुए आए हैं, उन भविष्यव्यक्ताओ और कुलपतियों के साथ, और हर बार यह दिखाता है कि जब कलीसिया इससे दूर हो जाती है, परमेश्वर ने किसी को तो सीधे नीचे भेजा और उन्हें हिलाकर फिर से उस वचन पर वापस ले आया, कलीसिया को पंक्तिबद्ध करते हुए। ऐसा हमेशा से रहा है। यही परमेश्वर की नीति है। उसने ऐसा करने के लिए मनुष्य को चुना।

51 अब, यदि उसने सुसमाचार प्रचार करने के लिए तारों को चुना होता था, तो ऐसा बहुत समय पहले हो चुका होता। वे कभी भी उसकी इच्छा से बाहर नहीं गये। यदि उसने प्रचार करने के लिए उस—उस सूर्य को चुना होता, या इसे प्रचार करने के लिए हवाओ को, वे कभी भी उसकी इच्छा से बाहर नहीं होते। देखा?

52 लेकिन हम स्वतंत्र रूप से निर्णय को लेने के आधार पर हैं। हम उस तरह से कार्य कर सकते हैं जिस तरह से हम चाहते हैं। और यही कारण है कि हम इसी चीज के लिए इतने दुःखदायी हैं। हमेशा *इसी* तरह से, और हमारे अपने तरीको को इसमें डालना चाहते हैं, और उसके तरीको से दूर हो जाते हैं। देखा?

53 और मैंने—मैंने पहले भी कहा है, मनुष्य निरंतर परमेश्वर की स्तुति करता है, जो परमेश्वर ने किया है। और वह हमेशा कहता है कि परमेश्वर क्या करेगा। और फिर, उसी समय, वो उसे अनदेखा करता है जो वह क्या कर रहा है। देखा?

54 मनुष्य कहेगा, "ओह, परमेश्वर ने लाल समुद्र को खोल दिया। जी हां। परमेश्वर की महिमा हो! यह अच्छी बात है।" "हां, यीशु फिर से आ रहा

है। हाल्लेलुय्या! यह अच्छी बात है।" लेकिन, क्या आज उसके बारे में बात करते हैं? "आह, यह किसी और दिन के लिए था।" देखा? देखा? हमेशा ही उसने क्या किया है, वह क्या करेगा, और उसे अनदेखा कर देते है कि वह क्या कर रहा है।

55 ऐसी ही परिस्थितियाँ थी जो यीशु मसीह ने पाई जब वह धरती पर आया। बिल्कुल ऐसी ही। परमेश्वर ने प्रतिज्ञा की थी जो उसने पूरा किया था। और यहाँ वह था, उनके सामने खड़ा हुआ था, और वे उसे नहीं पहचान पाए। "वह संसार में था, और संसार उसके द्वारा बनाया गया था, और संसार ने उसे नहीं पहचाना।" यह सही है।

56 "लेकिन जितनो ने उसे ग्रहण किया, उसने उन्हें परमेश्वर के पुत्र होने का अधिकार दिया।" यही महिमामय भाग है।

57 यह कुछ समय पहले की बात है, एक छोटा सा दर्शन जिसके विषय में मैं आपसे बात करना चाहता हूं। और मैं नहीं जानता, हो सकता है मैंने इसे कभी नहीं कहा हो, लेकिन इसे कहीं तो किसी व्यक्ति को बताया होगा। लेकिन मैंने—मैंने इस धरती पर सबसे महान व्यक्तियों में से एक को खो दिया, मेरे लिए, जो मेरी मां थी।

58 और मैं—मैं अपनी मां से प्रेम करता हूं। कैसे मैं उसे मेज से दूर जाते हुए देखता था, जब हम बहुत ही गरीब थे, हमारे पास खाने के लिए कुछ नहीं था! और वह... पिता कुछ रोटी को लाते, जहां पर वो एक दुकान में साफ-सफाई का काम करते, या कुछ तो और करते थे, और—और वे रोटी के ऊपर कॉफी को डालते, और फिर उसके ऊपर चीनी डालते। और माँ इस तरह से व्यवहार करती थी जैसे उसे भूख नहीं लगी है, जिससे कि हम बच्चों को खाने के लिए कुछ मिल सके। ओह, मैं—मैं इसे कभी नहीं भूल सकता। देखा? और बहुत सी बार वह मुझे गोद में उठाती, और जो चीजें उसने मेरे लिए की। लेकिन, आप जानते हैं, परमेश्वर बस बहुत अधिक दया से भरा हुआ है—है। वह उन सारी बातों को समझता है, जब उसे उन्हें लेना होता है। और मैं—मैं इसके लिए उससे प्रेम करता हूं।

59 ऐसा हमेशा से रहा है, इससे पहले कि मेरे कोई भी लोग मरे, मैं इसे होने से पहले दर्शन में देख लेता हूं।

60 मैंने अपने भाई को देखा, जब मैं केवल लगभग अठारह, उन्नीस वर्ष का था। उसके जाने से पहले मैंने उसे देखा। मैं यहाँ तक एक मसीही भी

नहीं था, लेकिन मैंने दर्शन को मेरे सामने आते देखा, अपने भाई को जाते देखा।

मैंने अपने पिता को देखा था जब वे चले गए।

61 हावर्ड, आप में से बहुत से लोगो को हावर्ड याद होंगे। "हावर्ड," आपको याद होगा मैं, ऐसा होने से दो वर्ष पहले, मैंने कहा, "हावर्ड, मैंने आपका स्थान चिह्नित देखा है। आप जाने वाले अगले व्यक्ति है।" मैंने कहा, "भाई, ठीक कर लो, क्योंकि आप अगले हो जो जाने वाले हो।" और उसने किया, बस बिल्कुल वैसे ही। और फिर, यहाँ कुछ समय पहले...

62 अब, मैं आशा करता हूं कि यह अपवित्र सा नहीं सुनाई देता है, लेकिन, केवल ये परमेश्वर के लगाव को दिखाने के लिए है। परमेश्वर हमेशा ही छोटी–छोटी बातों में दिलचस्पी रखता है, वैसे ही जैसे बड़ी बातों में रखता है। मैं इन अच्छे प्रचारकों में से कुछ के लाभ के लिए इसे कहना चाहता हूं। यह हो सकता है... और मैं खुद को इसमें झोंक देता हूँ।

63 अब, हम में से हर एक, बिली ग्राहम होना चाहता है, लेकिन हम... और हम में से हर एक ओरल रॉबर्ट होना चाहता हैं। लेकिन, हम, हम बिली ग्राहम या ओरल रॉबर्ट्स नहीं हैं। हम उस कार्यक्षेत्र में परमेश्वर के सेवक हैं जिसमें उसने हमें रखा है। समझे? कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कितना छोटा है, या कितना बड़ा है, यह परमेश्वर की दृष्टि में एक सा है, हमेशा एक सा रहता है, ठीक उसी स्थान पर कार्य करने के लिए जहां पर आप हैं। हमेशा ही, प्रभु का अनुकरण करना एक महान बात है।

64 मैं पसंद करूंगा बल्कि... या वहां जाना पसंद करूंगा कि एक कलीसिया, जिसमें पचास लोग हों, जो परमेश्वर की इच्छा में चलते हो, बजाये इसके कि पांच हजार लोग परमेश्वर की इच्छा से बाहर हो। निश्चय ही। परमेश्वर एक मनुष्य के साथ जो उसकी इच्छा में होता है एक घंटे में इतना अधिक कार्य को कर सकता है, जितना वह एक मनुष्य के साथ जो उसकी इच्छा से बाहर है पचास वर्षों में नहीं कर सकता है। देखा? वह ठोकर खाता है और लड़खड़ाता है, जैसे अंधेरे में गोली चलाना। लेकिन जब एक मनुष्य सचमुच परमेश्वर की इच्छा में होता है, और उसकी बुलाहट को जानता है, तो उसे वहां बने रहना चाहिए।

और अब, वे दर्शन, कैसे प्रभु परमेश्वर उनके साथ कार्य करता है। मैं...

65 "जब वह, पवित्र आत्मा आता है, तो वह इन बातों को प्रकट करेगा जिनके विषय में मैंने तुमसे बात की है।" अब, इसे समझने की कोशिश करने की कोई आवश्यकता नहीं है, किसी भी तरीके से। वो लेखक है। वो निश्चय ही जानता होगा कि उसने क्या लिखा है। देखा? बाईबल ने कहा कि उसने इसे लिखा है। "यहां तक कि पुराने समय के मनुष्य, पवित्र आत्मा के द्वारा प्रेरित हुए, वचन को लिखा।" और यदि पवित्र आत्मा वचन का लेखक है, तो निश्चय ही वह हमसे बेहतर ढंग से इसका अनुवाद करना जानता है। उसे ही इसका अनुवाद करने दें। और आप जानते हैं कि कैसे, किस तरह से वह इसका अनुवाद करता है? अब, यदि आप एक चंगाई सभा में आ रहे हैं, तो इन बातों से ना चूके। देखो। इससे चूकना मत। वह इसका अनुवाद कैसे करता है? इसके द्वारा, इसे प्रमाणित करने के द्वारा, देखो, इसे उसी तरह से बनाते हुए।

66 यही है जो यीशु ने कहा। "वचनों में खोजो। उनमें तुम सोचते हो कि तुम्हारे पास अनंत जीवन है; और ये वही हैं जो बताते हैं कि मैं कौन हूं। ये वही हैं जो मेरे विषय में बोलते हैं। और कौन मुझे दोषी ठहरा सकता है? कौन मुझ पर पाप का दोष लगा सकता है?" *पाप* "अविश्वास" है। "यदि मैं उन कामों को नहीं करता जो मेरे विषय में लिखे गए थे, तो मेरा विश्वास मत करो। लेकिन यदि मैं कामों को करता हूं, और तुम मुझ पर विश्वास नहीं कर सकते, तो कामों का विश्वास करो, क्योंकि उस—उस वचन ने इसके विषय में बोला है।" देखा? यह बस साधारण है, प्रतिदिन की समझ।

अब, परमेश्वर, "दान और बुलाहट बिना पश्चाताप के होते है।" हम जानते हैं कि बाईबल ऐसा कहती है। वे इसे करते हैं।

67 अब ये लगभग दो वर्ष हो गए है। मैं... एक सुबह मैं अपने—अपने घर में चल रहा था, और एक कुर्सी पर बैठ गया था। अब, यह बहुत ही अजीब सा दिखाई पड़ता है, कि परमेश्वर एक जानवर को शामिल करता है। जैसे किसी बहुमूल्य भाई ने, स्वर्ग के उस दर्शन पर, मैं उस छोटे से बोझ को लिए हुए था; मैं सोचता हूं कि मैंने आपको इसके बारे में एक बार बताया था, या किसी सभा में बताया था। उसने एक दिन मुझे एक पत्र लिखा, और कहा... बिजनेस मेन्स वोइस ने इसे छाप दिया। कहा, "यह... आपका दर्शन सही था, भाई ब्रन्हम, आपका अनुवाद ठीक था। लेकिन, सुनना, यह वहां तक ठीक था जब आपने अपने घोड़े के विषय में कहा, जिस पर

आपने एक समय सवारी की थी, उसने आकर अपने सिर को आपके कंधे पर रखा।" उसने कहा, "स्वर्ग में कोई घोडा नहीं होता है, भाई ब्रन्हम। स्वर्ग मनुष्य जाति के लिए बनाया गया था, ना कि घोडो के लिए।" तो, मैंने सोचा...

68 तो, आमतौर पर, आप किसी को भी इस तरह से देखते हैं, आपको हर चीज को समझाना होता है, वे बस कुछ तो बात को उठाने की कोशिश कर रहे होते हैं। देखा? आप किसी भी तरह से परमेश्वर की व्याख्या नहीं कर सकते। आपको तो बस उस पर विश्वास करना होता है।

69 लेकिन यह बात हो सकता है उसे आश्वासन दे। मैंने कहा, "भाई, मैंने कभी नहीं कहा कि मैं स्वर्ग में था। दर्शन में, मैंने यीशु को पूछा, और उसने कहा कि वह अब भी यहाँ से उस ओर आगे है। मैं एक स्वर्ग जैसी स्थिति में था। लेकिन, जिससे कि आपको इससे सहायता मिल सके, बाईबल ने कहा, प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में, कि, 'यीशु सफेद घोडे पर सवार होकर स्वर्ग के स्वर्ग पर से आया। और स्वर्ग की सारी सेना सफेद घोड़ों के ऊपर उसके पीछे-पीछे जा रही थी।' तो वहां ऊपर अवश्य ही स्वर्ग के स्वर्ग में कुछ तो होना है।"

70 परमेश्वर हर एक चीज में रूचि रखता है। वह उन छोटी-छोटी चीजों में रूचि रखता है जो आप करते हैं, या बड़ी-बड़ी चीजें जो आप करते हैं। वह इस बात में रुचि रखता है कि आप अपने छोटे झुंड की देखभाल कैसे करते हैं, या आप दूसरे लोग अपने बड़े झुंड की कैसे देखभाल करते हैं। वह रूचि रखता है।

71 कुछ समय पहले मेरा एक प्रसिद्ध, जो अच्छा भाई था, हम वहां एक—एक... एक स्थान पर मछली पकड़ रहे थे। मैं सभाओ को लेकर वापस आया और आराम कर रहा था। हम कांटें में चारा डालकर मछली पकड़ रहे थे, और हमने पर्याप्त संख्या में मछलियों को पकड़ा। और उस रात हमने अपने काँटों का जाल बिछाया था, और हमारे पास चारा खत्म हो गया। दोपहर के बाद, मैं कुछ छोटी ब्लूगिल मछलियों को पकड़ने के लिए बाहर गया, वे छोटी-छोटी मछलियाँ। नहीं... बडी वाली आप उन्हें खा सकते हैं, लेकिन यह बस छोटी चारे की मछली होती है। और मैंने मछली पकड़ने की तार को घुमाया, खीचने की तार, उन्हें पकड़ रहा था, उन्हें बाल्टी में डाल रहा था।

72 और इस नाव पर बैठे हुये, कोई तो चीज मुझ पर उतर आई। यह लड़का एक यहोवा विटनेस में रहा था, और उसका भाई जिसने हाल ही में उद्धार को पाया था और पवित्र आत्मा से भर गया था, और सो वे दो लड़के हमारे साथ थे। और जब मैं इन मछलियों को पकड़ रहा था, हम सब, कोई तो चीज मुझ पर उतर आई। और मैंने कहा, "आप जानते हैं, किसी जीवन का पुनरुत्थान होने जा रहा है, जो एक छोटे से जानवर जैसा है।" तो, एक छोटा सा जानवर।

73 अब, आप में से बहुत से लोगों को वचन की आगे होनेवाली बात याद होगी, जिसने कहा, "वहां पर एक छोटा लड़का होगा जो मरे हुओं में से वापस आ जायेगा, जिसे एक कार ने टक्कर मार दी थी।" भाई जैक मूर आज रात्रि मेरे साथ है, जो वहां फिनलैंड में थे जब यह घटित हुआ। देखा? आप में से बहुत से लोगों को यहां पर याद होगा कि मैं इसे यहीं से बता रहा था, देखो, आपको इसे अपनी किताब में लिखने के लिए बताया गया था। ध्यान दें।

74 और भाई वुड पीछे घूमे, भाई बैंक्स वुड, उनका एक लड़का जो पोलियो से चंगा हुआ था। और उसने पीछे मुड़कर और अपने भाई से कहा, "तुम जरा ध्यान देना। कुछ तो घटित होने जा रहा है।" मैं मछली को पकडता रहा, आप देखिये। सो हमने अपनी मछली पकड़ने की तार पर मछली का चारा लगा दिया।

उस रात्रि हमने कुछ भी नहीं पकड़ा।

75 अगली सुबह मैंने कहा, "वहां पर कुछ, काफी संख्या में ब्लूगिल मछली थी।"

76 उसने कहा, "यह बताये, वैसे, क्या आपने नहीं कहा था कि जीवन का किसी प्रकार का पुनरुत्थान होने जा रहा है? "

मैंने कहा, "हां।"

77 मैं आपको बताता हूं, जब मैंने घर छोड़ा, वे... मेरी छोटी लड़की... हम एक प्रकार से... अब आप लोग चाहें तो इन्हें ले सकते हैं, लेकिन मुझे बिल्ली से डर लगता है। और तो मैं—मैं बस उस अंधविश्वास की अनुभूति को पसंद नहीं करता हूं जो आप अपने आसपास पाते हैं। और तो वे हमारे घर के आसपास नहीं होती हैं, और—और मैं सोचता हूं कि बिल्ली समझ सकती है कि मैं उससे डरता हूं। इसलिए, मेरे पिता बिल्लियों से डरते थे।

सो, तब, मेरी छोटी लड़कियां जानती थी कि वहाँ कोई बिल्ली नहीं होनी चाहिए। और वो छोटी...

78 मेरी छोटी लड़की दूसरी छोटी लड़की के साथ वहां गली में से होकर जा रही थी, और वह वापस आयी, चेहरे पर पूरी तरह से उदासी दिख रही थी, और उसने कहा, "डैडी?"

मैंने कहा, "तुम्हे क्या चाहिए, प्रिय?"

उसने कहा, "एक ख़राब बात की गई है।"

मैंने कहा, "यह क्या है?"

उसने कहा, "काश आप बस यह जान जाते!"

मैंने कहा, "अच्छा, मुझे बताओ।"

79 उसने कहा, "किसी ने एक बेचारी बिल्ली को बाहर फेंक दिया है, यहाँ गली में नीचे।" और कहा, "वो बिल्ली मरने पर है, वो मुश्किल से चल पा रही है।" और कहा, "डैडी, क्या आपको कोई आपत्ति होगी यदि हम इसे खिलाये और इसकी देखभाल करे?"

80 मैंने कहा, "निश्चय ही नहीं। यदि तुम इसे खिलाना चाहती हो, तो बस सावधान रहना। बिल्ली को तुम्हे खरोंचने मत देना।" मैंने कहा, "मुझे बिल्ली को देखने दो।"

81 सो जब वे बिल्ली को वहां पर ले आए, तो मैंने एक बक्से में डाल दिया, और, निश्चय ही, अगली सुबह हमारे पास ढेर सारे बिल्ली के बच्चे थे।

82 और फिर, सो, मेरा छोटा—छोटा लड़का, जब मैं जा रहा था, छोटा जोसफ, वह उनकी ओर देख रहा था। ओह, उसने सोचा कि वे प्यारे है, आप जानते हैं, वो यहाँ–वहां बक्से में ऊपर चढ़ रहे थे, आप जानते हैं। और—और तो उनसे उसके हाथ में एक बच्चे को लेकर; उसने उसे थोड़ा सा जोर से दबाया, और उसने इसे नीचे फर्श पर गिरा दिया। वो छोटा सा बिल्ली का बच्चा यहाँ–वहां, इधर–उधर घूमने लगा। मैंने सोचा "ओह, प्रभु!"

83 और मैंने सोचा, "ठीक है, अब, हो सकता है जब में घर वापस जाऊंगा, यह वो छोटा सा बिल्ली का बच्चा हो।" आपको ओपोसम जानवर की घटना याद होगी। मैंने सोचा, "तो ठीक है, यह वो बिल्ली का बच्चा हो सकता है।" तो फिर हम पीछे एक छोटी सी खाड़ी में बैठे हुए थे, मछली पकड़ रहे थे,

और तब हम इन सुंदर–बड़े आकार की ब्लूगिल मछली को पकड़ रहे थे, छोटी वाली मछली को वापस फेंक रहे थे।

84 भाई लायल, भाई बैंक्स के भाई, एक मछली पकड़ने के डंडे से मछली पकड़ रहे थे, जिस पर बहुत बड़ा काँटा लगा था, और उस पर कीड़ों के चारे का एक बड़ा ढेर लगा हुआ था। उसने उस छोटी सी ब्लूगिल मछली को उसके छोटे से पेट में उस काँटे को निगलने दिया। और जब उसने उसे ऊपर खींचा, तो उसने कहा, "अब, मैं चाहता हूं कि आप *वहां* उसकी ओर देखें," बस लगभग *इतनी* लम्बी। और वह बस... मैं समझता हूं, वह काँटे को बाहर नहीं निकाल सका। कोई और तरीका नहीं था; बस तार को काटना पड़ा। और वह अपने काँटे को बचाना चाहता था। तो उसने बस उस मछली के गलफड़ों को खींच लिया, उसमें से पेट और सब, *इस* तरह से, और उसे पानी पर फेंक दिया। और वो—वो तीन या चार बार फडफडाई और बस वहीं पर पड़ी रही। उसने कहा, "तुमने अपनी आखिरी गोली चला दी, छोटी मछली।"

85 मैंने कहा, "लायल, जब वो खाना आरंभ करती है... उससे थोडा छोटा सा काँटा डालो। जब वह चारे को खाना आरंभ करती है, तो इस तार को खींचने वाली छड़ी को ले लो, और जैसे ही वह खाने लगती है, उसे पकड़ लो। समझे? इससे पहले कि वह इस कांटें को अंदर ले और इसे निगले, उसके मुंह में पकड़ ले।" मैंने कहा, "यही उन्हें पकड़ने का खेल है।"

86 "आह," उसने कहा, "मैं गलत तरह से खींच रहा हूं," और वह बस आगे बढ़ गया। और उसने कुछ बार कोशिश की, और लगभग तीन या चार बार चूक गया। और उसने चीज को रख दिया, कहा, "मैं बस उसे फिर से निगलने दूंगा।"

87 तो यह छोटी मछली वहां पानी पर थोड़ी देर के लिए ऊपर तैरती रही, ओह, मुझे लगता है, तीस मिनट तक। और लहरे ऊपर उठने लगती है और अंदर आने लगी।

88 मैंने कहा, "तो ठीक है, हमें जल्दी से निकलना होगा। अब हमारे पास एक बाल्टी भर के मछली है, इसलिए हमें निकलना होगा।"

89 और मैं उठकर खड़ा हुआ, ताकि इसे वापस कुछ लिली के पत्तो पर फेंकू, जिससे कि इसे झटक दू। वहां पीछे कुछ बड़े लाल पेट वाली मछली थी। सो मैंने आरंभ किया, उस—उस—उस चारे को कांटे से

बाहर निकाला, आप जानते हैं, इसे कांटे पर घुमाया, और इसे झटक कर हटा दिया, जैसा कि आप लोग और महिलाएं मछली पकड़ने के बारे में जानते हैं।

90 और जब मैंने ऐसा करना आरंभ किया, अचानक से, कुछ तो उन पहाड़ियों में से होते हुए नीचे उतर आया, जैसे कि हवा का झोंका आ रहा हो। और यह मुझ पर आ गया। मैंने उस मछली पकड़ने की छड को छोड़ दिया, और नाव में खड़ा हो गया। और मैंने यहाँ–वहां देखा। मैंने एक आवाज को कहते सुना, "तुम उस छोटी मछली को देखते हो? " और वह वहां पड़ी हुई थी।

91 मैंने कहा, "तुम उस छोटी मछली को देखते हैं? " ठीक जैसा उसने कहा। वहां उस मछली के छोटे–छोटे पंख कड़क हो गए थे, और वह आधे घंटे तक पानी पर पड़ी रही। और यह बाईबल अब खुली पड़ी है। देखा?

और उसने कहा, "उससे बात करो, और उसे उसका जीवन वापस दे दो।"

92 और मैंने कहा, "छोटी मछली, प्रभु यीशु के नाम में, मैं तुम्हें तुम्हारा जीवन वापस देता हूं।"

93 और वे लोग खड़े होकर देख रहे थे। वह छोटी मछली उसकी पीठ पर पलट गई, और वहां पानी में से वो नीचे चली गयी। वे जैसे बेसुध हो गये थे। लायल ने अपने चेहरे को पानी से धोया। उसने कहा, "मैं थोड़ी देर बाद जाग जाऊंगा।" उसने कहा, "मैं—मैं जानता हूं कि मैं सपना देख रहा हूं।"

मैंने कहा, "तुम सपना नहीं देख रहे हो।"

94 और ठीक उसी समय पर, मुझे लगता है कि मेरे पास प्रार्थना सूची में तीस या चालीस मंदबुद्धि बच्चो के नाम थे। और कैसे परमेश्वर उन मंदबुद्धि बच्चो से फिरकर, और उस छोटी मछली को जिलाता है, यह बात बस यह दिखाती है कि वह हर चीज में रूचि रखता है।

95 क्यों वह अपनी सामर्थ का उपयोग अंजीर के पेड़ को श्राप देने के लिए करेगा, जबकि उस देश में हजारों कोढ़ी लोग थे? और उसने उन कोढ़ीयों को छोड़ कर और वहां जाकर और अंजीर के पेड़ को श्राप दिया, और कहा, "कोई भी मनुष्य तुझ से नहीं खायेगा," और अंजीर का पेड़ सूख

गया। अपनी सामर्थ का उपयोग किया, यह दिखाते हुए कि उसकी रुचि पेड़ो में है। वह मछली में रुचि रखता है।

96 वह आप में रुचि रखता है। वह मुझ में रुचि रखता है। और वह उसके वचन को प्रकट होते हुए देखने में रूचि रखता है, और वह ऐसा करने के लिए हम पर निर्भर है, क्योंकि हम उसका कार्य करने का जरिया है। हम अपने आप में कुछ भी नहीं। यह तो वो है; हम अपने आप को समर्पित करते हुए और उसके साथ चल रहे है।

97 उस सुबह को एक दर्शन देखा। मैंने एक बड़े जानवर को पहाड़ी के किनारे पर पड़े हुए देखा। ओह, इसके ऊपर विशाल सींगों का गुच्छा था। मैं इस दर्शन में शिकार की यात्रा पर था, दिन के लगभग दस या ग्यारह बजे थे। और मैं वहां पर गया और जानवर का शिकार किया।

98 और फिर वापस रास्ते पर आते हुए, एक विशाल, बड़ा ग्रिजली भालू या भूरे रंग का भालू मेरे सामने खड़ा हो गया, और मैंने उसे गोली मार दी।

99 और फिर मैंने उसे सींगों को लेते हुए देखा, और एक छोटा सा हाथ आगे बढ़ा कर और सींगों को लिया, उस पर नापने का टेप लगाया। इसे नापा गया जो बयालीस इंच का था, नीचे के सिरे से सींग के ऊपर तक, बयालीस इंच लम्बा था। मैंने कभी भी इस तरह का कोई जानवर नहीं देखा, उसके सींग पर बहुत बड़ी–बड़ी नोक थी। और, फिर भी, यह एक हिरण की तरह दिखता था, लेकिन ये, ओह, प्रभु, दो या तीन हिरण हैं। मैंने कभी भी ऐसी कोई चीज नहीं देखी।

100 "तो ठीक है," मैंने कहा, "संभवत: यह किसी दिन घटित होगा। मैं अब इसे लिख कर रखूंगा।"

101 मैं अपने एक मित्र के साथ केंटकी में गया, और भाई माइनर आर्गनब्राइट ने मुझे फोन किया, कहा, "भाई ब्रन्हम, क्या आप व्यस्त हैं? "

102 कहा, "इतना भी ज्यादा नहीं हूं।" मैंने कहा, "मैं अपने... मेरे पास अब दो सप्ताह है। मैं थोडे समय की छुट्टी पर हूं।"

103 कहा, "मेरे साथ कनाडा, अलास्का की ओर चलेंगे। हम एंकोरेज में और फेयरबैंक्स में भी एक बिजनेस मेन की याजक सभा को रखना चाहते हैं।"

मैंने कहा, "ठीक लगता है, यदि मुझे इसे करने के लिए समय मिल सके।"

104 उसने कहा, "तो ठीक है, भाई ब्रन्हम, आप ऐसा करेंगे, तो मैं आपको बताता हूं, हम आपको एक अच्छे ग्रिजली या भूरे भालू के शिकार पर ले जायेगे।"

105 सोचा, "ओह, यह अच्छा सुनाई पड़ता है।" मैंने सोचा, "ओह, ओह, वहां दर्शन है। देखो, ऐसा ही है।"

106 "एक अच्छा ग्रिजली या भूरे रंग के भालू का शिकार," मैंने कहा, "यह अच्छा सुनाई पड़ता है। मैं इसके लिए नहीं जाना चाहता हूं। लेकिन, जब हम वहां पर होते हैं, और कुछ मार्गदर्शक करने वाले मुफ्त में मुझे ले जाना चाहते हैं, तो मुझे जाने में खुशी होगी।"

सो, उसने कहा, "तो ठीक है, वे—वे इसे करेंगे। हमने इसकी व्यवस्था कर ली है।"

मैंने कहा, "अच्छा, अब रुकना। मुझे इस पर प्रार्थना करने दो।"

107 और मैं उस दिन जंगल में गया, और जब कभी भी मैंने प्रार्थना की, हर समय, मैं बहुत दूर होता गया, इससे पूरी तरह से दूर हो गया। मैंने सोचा, "यह अजीब बात है।" और उसके दो दिन बाद, मैंने भाई आर्गनब्राइट को फोन किया। मैंने कहा, "नहीं।"

108 उसने कहा, "भाई ब्रंहम, हमने अभी-अभी चीजों की व्यवस्था कर ली हैं।"

109 मैंने कहा, "ऐसा ना करे। पवित्र आत्मा ने इसका खंडन किया है।" और मैंने उसे दर्शन को बताया। मैंने कहा, "मैं—मैं नहीं जानता, भाई आर्गनब्राइट, लेकिन यह अजीब है। लेकिन वह मुझे वहां ऊपर नहीं जाने देना चाहता, और, फिर भी, ऐसा दिखाई देता है कि—कि यह वही स्थान होगा।"

और उसने कहा, "ठीक है, अब, हम पूरी तरह से जाने के लिए तैयार हैं।" और मैंने कहा...

110 अब, आप में से बहुत से भाई आर्गनब्राइट को देखेंगे। वह अब यहां आ रहे हैं, इस सभा के बाद विदेश जाने के लिए जिससे कि मेरे साथ तैयारी कर सके। और सो आप उससे कहानी को पूछ सकते हैं। तो हमने कहा...

मैंने कहा, “नहीं। मैं बस ऐसा नहीं कर सकता। पवित्र आत्मा मुझे जाने के लिए नहीं बताया।”

111 ये सबसे अच्छा है कि आज्ञा में रहूं, कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कितना ही, कितना ही अच्छा दिखाई देता हो। मैं कल रात कुछ इसी तरह का प्रचार करने जा रहा हूं, प्रभु ने चाहा तो। तो अब, याद रखें, कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कितना अच्छा दिखाई देता हो, यदि परमेश्वर इसमें नहीं है, तो इससे दूर ही रहे। कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कितना आकर्षक दिखाई देता है, इससे दूर रहे। कितना फल–फुल रहा है, इससे दूर रहे यदि परमेश्वर इसमें नहीं है। इससे दूर रहे। अब हम कल रात उस पर बोलने जा रहे हैं, प्रभु ने चाहा तो।

112 अब, फिर जब मैं घर गया, बिली ने मुझसे कहा, मेरे पुत्र ने, उसने कहा, “पिताजी, क्या आप उस शिकारी को जानते हैं जिसके साथ आप शिकार करने गए थे, उनका नाम साउथविक था? ”

113 “ओह,” मैंने कहा, “ऊपर... वहां युकोन के नीचे? ”

उसने कहा, “हाँ।”

कहा, “उसने यहां आपके लिए—के लिए एक पत्र भेजा है।”

114 वो भाई एडी बिस्कल है, जो कि उस उत्तर–पश्चिमी देश के सेवक संघ का वो—वो प्रमुख है, एक बहुत ही भला लड़का, हो सकता है यहां इस सभा में हो। वह इस बार इस तरफ़ आने की योजना बना रहा है। वो भला छोटा लड़का है, और उसका एक अच्छा परिवार है। वह—वह वहां अब क्रीज, क्री इंडियन्स के लिए मिशनरी का काम कर रहा है। और मैं तब पिछली शरद ऋतु में उसके साथ था। और फिर... या, मेरा मतलब पिछली गर्मियों में।

115 तब वो, एडी, मुझे बड्स के पास ले जाना चाहता था, जो कि उसके द्वारा मसीह में परिवर्तित होने वालों में से एक था। उसकी पत्नी एक कट्टर पेंटीकोस्टल थी। बड एक पशुपालक था, और वह हाल ही में आया था। लेकिन उसे वहां जमीन के भाग को दिया गया था, जहां उन्होंने इंडियनस को बाहर निकाल दिया और उन्हें आरक्षित क्षेत्र में डाल दिया गया, जो शिकार के लिए एक बड़ा क्षेत्र था। लगभग छह... ओह, मैं अंदाजा लगाता हूं कि उसके पास लगभग तीन सौ वर्ग मील या उससे अधिक जमीन है,

वहां चारों ओर, एक क्षेत्र के लिए जो उसे कनाडा सरकार के द्वारा दिया गया था।

116 तो ठीक है, उस वसंत में, जब मैं वहां ऊपर था, हम सभा के बाद शिकार पर गए, लेकिन जब हम... मई के महीने में, लेकिन तेज आंधी आयी और इसने हमें रोक दिया। हमारे पास लगभग... उसने सभाओ के बारे में कभी कुछ नहीं सुना था, और एडी लगातार सभाओ के बारे में उससे बातें करता रहा।

117 और उसने कहा, “आपका मुझे बताने का यह मतलब तो नहीं है कि आज, परमेश्वर स्वयं को दर्शा रहा है, और उन चीजों को दिखाता है जो घटित होने से पहले सामने आ रही है? ”

एडी ने कहा, “यह बिल्कुल सही है।”

118 इसलिए वह मुझसे बातें करता रहा। उसने कहा, “आप जानते हैं, मेरा एक भाई है जिसे मिर्गी की बीमारी है।” कहा, “काश आप बस केवल उस भाई से मिल पाते!” कहा, “मैं विश्वास करता हूं, यदि मैं उसे आपकी किसी एक सभाओ में मिल सकता हूं, तो मैं विश्वास करता हूं कि वह चंगा हो जाएगा।” मैंने कहा... कहा, “उसे यह बीमारी जीवन भर रही है।”

मैंने कहा, “शायद ऐसा ही हो।”

119 तो, वहां वर्ष के उस समय पर अंधेरा नहीं होता है, आप जानते हैं। सूरज बस ढल जाता है, और ऐसा होता है... ओह, आप किसी भी समय, आधी रात को, एक बजे, आप बस खड़े होकर, अखबार पढ़ सकते हैं, या कुछ भी कर सकते है, आप देखना। और लगभग—लगभग मई के अंतिम भाग में सूर्य कभी अस्त नहीं होता। यह मुश्किल से हल्का सा जाता है, लगभग चला जाता है, लगभग दस मिनट के लिए, और वापस आ जाता है। इसलिए जब भी हम थक जाते हैं हम बस लेट जाते हैं।

120 और फिर बाहर रास्ते बाहर आते हुए, हम इन्डियनस लोगो के झुण्ड से मिले। और, ओह, मैं वहां पुराने प्रधान से मिला। उन्होंने उसे वहीं रहने दिया क्योंकि उसके दो बच्चे थे। वे उनके बच्चों को एक लट्ठे में दफन कर देते हैं, उनके प्रिय जनो को। ये किसी प्रकार का धर्म है। और वे उन्हें पेड़ पर लटका देते है, तो जिससे उन्होंने उस परिवार को वहीं पर रहने दिया। अच्छा बूढ़ा व्यक्ति, नब्बे वर्ष से अधिक उम्र का, अपने लड़कों की तरह ही अपनी काठी पर बैठा हुआ।

121 और इसलिए हम अगले दिन निकल पड़े। उसने कहा, "अब वहाँ से जाने का कोई रास्ता नहीं है। पहाड़ों के ऊपर से *इस* तरफ़ जाओ।" ओह, रास्ता काटने के लिए हमें सौ मील और चलना था। इसलिए, हम ऐसा नहीं कर सकते थे। बहुत देर हो चुकी थी। हम वापस चल पड़े।

122 और मार्ग पर वापस जाते, बड के पास युवा घोड़ों की एक लगाम थी, और उनमें से कुछ दलदली स्थान और आदि में उतर गए। और मैं वहां पर साथ–साथ जा रहा था, बात करते हुए, और, एडी और मैं थे। और बड सबसे आगे के घोड़े पर था, बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था। हमारे पास इक्कीस घोड़े थे। और मेरे पास एक घोड़े की रस्सी थी, उसे बाहर निकाला। और बस जैसे ही वह बाहर निकला, तब मेरा अपना काठी का घोडा दलदली स्थान के अंदर चला गया। और मैं यहाँ पर था, वहाँ से बाहर निकल रहा था। और मुझ पर कीचड़ लग गया था और सब... कुछ ही मिनटों में, मैं अपने घोड़े पर चढ़ गया, और अपने कपड़ों पर से कीचड़ को साफ किया, *इस* तरह से, मैं आगे बढ़ा।

123 और ठीक मेरे सामने, उस पहाड़ी के पार, एक युवक आया। मैंने उसकी ओर देखा। मैं घोड़े की पीठ में थोडा पीछे होकर और अपने घोड़े को रोक दिया। और मैंने उस लड़के पर एक दौरा पड़ते हुए देखा, बार–बार और बार–बार, और मुंह से झाग निकल रहा था, वह बहुत हि जंगली हो गया, और बस हर चीज को तोड़–फोड़ रहा था। और बाद में वह शांत हो गया। मैंने एक पुराने छिपकली जैसा जानवर देखा। मैंने उसकी शर्ट को जलते हुए देखा।

124 एडी मुझसे लगभग आधा शहर ब्लॉक आगे था, और दूसरा घोड़ा लेने की कोशिश कर रहा था। युवा घोड़ा रास्ते से हटकर भाग गया, वहाँ पहुँच गया, अपने ऊपर से सामान खींच लिया, और उछलने लगा। तो फिर मैं वहां एडी की ओर दौड़ने लगा। हमने घोड़े को शांत कर दिया। मैंने कहा, "एडी, मेरे पास बड के लिए **यहोवा यों कहता है** वाला वचन है।"

उसने कहा, "भाई ब्रन्हम, क्या हुआ?"

मैंने कहा, "एक दर्शन। मैंने उसके भाई को देखा है।"

उसने कहा, "ओह, उसे ले लो।"

125 मैंने कहा, "घोड़ों को पीछे रोको। मैं अपने घोडे को आगे बढ़ाऊंगा, उन घोड़ों के पास दौडूंगा, देखूंगा कि क्या मैं उन्हें पकड़कर और पहाड़ी

के किनारे पर रोक सकता हूं।"

126 मैं *इस* तरह से टीले के पास दौडा, अपने... अपने घोड़े पर। उसे जोर दिया, और वहां ऊपर आ गया। और मैंने अपना हाथ घोड़े के पीठ की काठी पर रखा। मैंने कहा, "बड? "

उसने कहा, "हाँ, भाई ब्रन्हम।"

127 मैंने कहा, "मैं आपको कुछ बताना चाहता हूं। आपका भाई... " और उसका वर्णन किया।

उसने कहा, "हां। आपको किसने बताया? "

मैंने कहा, "कोई नहीं। प्रभु ने अभी उसे मुझे दिखाया।"

मैंने कहा, "क्या उसका सेवक होने के नाते आप मेरा विश्वास करोगे? "

उसने कहा, "निश्चय ही, भाई ब्रन्हम।"

128 मैंने कहा, "नीचे भेजकर," पीछे लगभग—लगभग आठ सौ मील विकसित जीवन से, "अपने भाई को यहाँ बुलाओ। और पहली बार जब वह ऐसे किसी दौरे में गिरता है... " मैंने कहा, "उसे ऐसा लगभग दो वर्ष की उम्र से होता है। हो सकता है आप इसका विश्वास ना करें, परंतु यह वंशागत होता है। आपके दादा को वो बीमारी थी।"

उसने कहा, "अब, यह सच है। यह सही बात है।"

129 मैंने कहा, "अब, जब इस लड़के को यह दौरा पड़ता है, तो आप उसकी पीठ से कमीज को झटके से उतारकर और इसे आग में फेंक देना, और कहना, 'यह मैं यीशु मसीह के नाम में करता हूं, उसके वचन के अनुसार।' जब तक वह इसका विश्वास करता है, उसे दूसरा कभी दौरा नहीं पड़ेगा।"

130 उसने तब अपने हाथ को ऊपर उठाकर, चिल्लाने लगा। उसने कहा, "मैंने ऐसा कभी नहीं देखा, लेकिन आपने मुझे सही–सही बताया कि मेरा भाई कैसा दिखता है, और मुझे मेरे दादा के विषय में सच्चाई को बताया।"

मैंने कहा, "यह सही बात है।"

131 हमारे जाने के बाद, उसने भेजा और अपने भाई को ले लिया। और वह उस सुबह उस छोटे पगडंडी के रास्ते से जा रहा था, जब वह बस में आता है (ऊपर आते हुए, सप्ताह में दो या तीन बार वहां से गुजरता है, ऊपर और नीचे अलास्का के महामार्ग पर), वह वहां पर आता है...

132 और बड की पत्नी, लीला, बस एक छोटी सी चीज है, एक छोटी सी महिला, एक परिवार के कपड़े धोने के बाद यह साबुन की एक टिकिया होती है उतनी बड़ी है। बस एक छोटा सी... पांच बच्चे थे, और एक प्यारी सी छोटी महिला है।

133 और सो बड अपने घोड़ों को तैयार करने के लिए बाहर गया, क्योंकि वह पगडंडी के छोटे रास्ते से जा रहा है, ताकि हम उसके शिकारियों के साथ उसमें वापस आ सकें।

134 और जैसे ही वह चला गया, तो, उसका भाई वहां पर था, अभी तक अपने अच्छे कपड़े उतारे बिना ही वह एक दौरे में गिर पड़ा। और वे एक पुराने बैरक में डेरा डाले हुए थे, जहां अमेरिकी लोग थे, जब वे महामार्ग का निर्माण कर रहे थे, वहां पर थे। और जब... उनके पास एक बड़ा पुराना नीचे लकड़ी डालकर जलाने वाला चूल्हा था। और छोटी लीला... वो—वो तुरंत ही दौड़ती जब उसे वे दौरे पड़ते। और वह डरती थी कि उसकी मृत्यु न हो जाए, और वह खिड़की को साफ कर देती, *कुछ भी होता या अन्य चीजे* और, रास्ते से हटा देती। लेकिन वह उछल पड़ी, और जो कहा गया था उसके विषय में उसने सोचा। वह वहां पर डावसन क्रीक की उन सभाओ में से एक सभा में थी।

135 वह वहां पर दौड़कर जाती है और इस बड़े व्यक्ति के पास बैठ जाती है, उसकी पीठ पर से कमीज खींचकर उतारती है, रोती हुई, बटन और सब, उसकी सफेद कमीज, उस चूल्हे के पास चलकर जाती है, और कहा, “यह मैं प्रभु यीशु के नाम में करती हूं, प्रभु के वचन के अनुसार जो हमें बताया गया है।” और उसके बाद से लेकर उसे कभी दौरा नहीं पड़ा है। इससे बात ख़त्म हो गयी।

136 उसने मुझे आने के लिए खला भेजा था, एक मुफ्त शिकार। और मैं हमेशा ही उन मुफ्त की चीजों के लिए देखता हूं, आप जानते हैं। इसलिए मैंने सोचा, “खैर... ” मैंने कहा, “मैं जाऊंगा। मैं देखूंगा कि क्या प्रभु मुझे जाने देता है।” मैंने प्रार्थना की। और प्रार्थना करने के अलावा और कुछ नहीं, सब कुछ ठीक उसी तरह चलता है।

137 मैंने भाई फ्रेड सोथमन को लिया। वो यहीं कहीं सभा में है। आप कहां है, फ्रेड? यह वहां पर है। जी हां। वह हमारी कलीसिया के ट्रस्टियों में से एक है। भाई फ्रेड जानते हैं कि इसे घटित होने से तीन महीने पहले बताया

गया था। क्या यह सही है, भाई फ्रेड? और, मैं अनुमान लगाता हूं, भाई सिम्पसन। आज रात्रि ईमारत में कितने लोग हैं जो जानते हैं कि इससे पहले कि यह घटित हो, बताया गया था? अपने हाथों को ऊपर उठाये। वहां आप है। और कलीसिया के सामने बताया गया, कि वास्तव में क्या घटित होगा। मैं नहीं जानता था कि यह वो समय होगा।

138 सो मैं उस—उस अलास्का के महामार्ग पर गया, और भाई फ्रेड एक मित्र के यहाँ रुक गये, ताकि हिरण के शिकार पर जाये। यह वहां पर हिरण के लिए बहुत दूर है। तो हम ऊपर भेड़ के देश में हैं, जहां हम जा रहे थे। और सो हमने... मैंने एक—एक चाक या मिट्टी का एक—एक टुकड़ा लिया, और सामने के शीशे पर चित्रित किया। मैंने कहा, "अब, भाई फ्रेड, सो यदि यह समय है, तो आपको ठीक–ठीक याद होगा कि यह क्या होगा।" और वो इसे याद करता है।

139 मैं ऊपर चला गया। उस रात जब हम छावनी में पहुंचे, बड ने कहा, "भाई ब्रन्हम!" उसने मुझे गले लगाया और ऊपर–नीचे कूदने लगा, अन्य जुबान में बोल रहा था और चिल्ला रहा था, आप जानते हैं। उसने कहा... और वह, एक मजबूत घुड़सवार चरवाहा भी था। और वह—वह बस परमेश्वर की स्तुति कर रहा था। उसने कहा, "आप जानते हैं क्या, भाई ब्रन्हम? मेरे भाई को उस समय से लेकर कोई दौरा नहीं पड़ा है। वह एक वर्ष पहले पूरी तरह से सामान्य और स्वस्थ है।"

140 मैंने कहा, "जब तक वह इसका विश्वास करेगा, यह इसी तरह से स्वस्थ रहेगा।" और मैंने कहा, "अब उससे कहो कि अपने जीवन को मसीह को समर्पित कर दो, और उसके बाकी के दिनों में उसकी सेवा करो। 'जाओ और पाप ना करना, नहीं तो उस पर और भी बुरी चीज आ पड़ेगी।' देखा? " मैंने कहा, "उसे अब ऐसा करने के लिए कहो।"

141 इसलिए मैंने कहा, "मेरे पास एक और दर्शन है, " और मैंने उसे दर्शन के बारे में बताया। मैंने कहा, "अब, मेरे साथ कुछ थोड़े लोग थे। हम शिकार की यात्रा पर थे। वे सामान्य लोग थे। और उनमें से एक ने हरे रंग की शर्ट पहनी हुई थी।"

142 और उसने कहा, "तो ठीक है, " उसने कहा, "भाई ब्रन्हम, " उसने कहा, "मेरे पास चौकड़ी हरे रंग की शर्ट नहीं है।" उसका लड़का, ब्लेन, जो अठारह वर्ष का, उसने कहा कि उसके पास कोई हरे रंग की चौकड़ी

शर्ट नहीं है।

143 एडी बिस्कल, एक और छोटे से लड़के ने, जिसका वजन लगभग एक सौ दस पाउंड था, उसने कहा, “मेरे पास एक भी नहीं है, भाई ब्रन्हम।”

मैंने कहा, “अच्छा,” मैंने कहा, “अब, वो जानवर... ”

उसने कहा, “यह किस प्रकार का जानवर था? ”

मैंने कहा, “यह एक हिरन की तरह दिख रहा था।”

144 उसने कहा, “यहाँ पर ऊपर कोई हिरन नहीं है। यह बहुत ऊंचाई पर है।” उसने कहा, “हो सकता है यह एक कारिबू या अमेरिकन सींगो वाला हिरण हो।”

मैंने कहा, “एक कारिबू या हिरन में आगे एक सींग होता है।”

कहा, “यह सही बात है।”

मैंने कहा, “इसके नोकीले थे।”

145 उसने कहा, “तो ठीक है, भाई ब्रन्हम,” कहा, “हम भेड़ के इलाके में जा रहे हैं, ना ही हिरन के इलाके या उस तरह के किसी इलाके में।”

146 मैंने कहा, “ठीक है, यह हो सकता है कोई और शिकार यात्रा में हो। भाई आर्गनब्राइट... यह कहीं तो अलास्का में हो सकता है,” मैंने कहा, “क्योंकि यह एक विशाल, बड़ा ग्रिज़्ली या भूरा भालू था।”

उसने कहा, “यह किस प्रकार का ग्रिज़्ली या भूरा भालू था? ”

मैंने कहा, “सिल्वर ट्रिप या भूरे रंग का भालू।” यह उन सब में सबसे प्रसिद्ध है।

147 उसने कहा, “मैं एक गाईड या मार्गदर्शक का काम करता हूं। मैं जीवन भर इन जंगलो में रहा हूं। मैंने सिल्वर ट्रिप या भूरा भालू कभी नहीं देखा।” कहा, “मैंने एक साधारण भालू देखा है। परंतु,” कहा, “मैंने कभी सिल्वर ट्रिप या भूरे रंग का भालू नहीं देखा, अपने जीवन में कभी नहीं देखा।”

148 मैंने कहा, “तो ठीक है, वहां पर कोई, कहीं पर तो एक है, और मैं उसे पकडने जा रहा हूं।”

उसने कहा, “मैं इतना कहूंगा कि यह सच है।” उसने कहा, “मैं इतना कहूंगा।”

149 हम तीन दिन बाद निकले। हमने छावनी को खड़ा किया, विकसित पेड़ो की रेखा के ऊपर।

150 और परमेश्वर मेरी सहायता करे, यदि वे सहस्त्रशताब्दी तक वही बने रहते है, तो मुझे सहस्त्रशताब्दी के दौरान वहीं रहने दो। मैं बस वहां उस प्रकृति में तैरना पसंद करता हूं। ओह! कोई भी वहां परमेश्वर को नहीं देख सकता है, तो वह अंधा, बहरा और गूंगा है। बस उसे अपने आप को उन बड़े, विशाल पहाड़ों में प्रतिबिंब करते हुए देखे! ओह, प्रभु! गहराई, गहराई को पुकारती है, तब, और वहां पर बस एक महिमामय समय होता है।

151 तो हम एक पहाड़ पर चढ़ गए। आपको *इस* तरह से बस सीधे चलना होता है, बस ऊपर जाने के लिए। ओह, कोई पेड़ नहीं, बस केवल कैरिबू या सींग वाले हिरण का पत्तो का भोजन ही आप देखते हैं। हमने करीब तीस या चालीस भेड़ें देखीं। उनमें से कोई भी इतनी बड़ी नहीं थी कि उसे ले जाया जा सके। यह कुछ छोटे आकार की थी, और अविकसित भेड़। मैं—मैं चाहता था कि इतनी बड़ी हो कि वहां से लेकर जाए, क्योंकि बहुत दूर आ गये है। इसलिए हम... मैं वापस पीछे चला गया।

152 और अगले दिन हमने पार करना आरंभ किया, और एडी पानी में गिर गया जब उसने उस पार छलांग लगाने लगा, वो एक बड़ा जूतों का जोड़ा पहने हुए था।

153 पहाड़ के किनारे पर जाते हुए, बड रुक गया और कहा, “मुझे अपना चश्मा देना, बिली।” मैंने उसे चश्मा दिया।

154 हम कुछ देर चलते, और प्रभु के बारे में बात करते, और चिल्लाते, और पहाड़ी के किनारे ऊपर–नीचे दौडते, बस एक महिमामय समय को बिताया। शिकार की यात्रा पर जाना अच्छा है, यदि आप भाइयों के साथ जाते हैं।

155 और तो उसने मेरा चश्मा लिया। उसने कहा, “भाई ब्रन्हम, वहां पर आपका मेढ़ा है। उनमें से लगभग आठ लगभग छह मील की दूरी पर पड़े हुए हैं, ठीक वहां उस दूसरी पहाड़ की चोटी पर। उनकी ओर देखो। क्या उन्हें एक साथ देख रहे हो? ”

मैंने देखा। मैंने कहा, “मैं कहूंगा, वे वहीं हैं, बिल्कुल।”

156 उसने कहा, “खैर, हम भी वापस नीचे जा सकते हैं, सुबह को लगभग

तीन बजे निकलेंगे।" कहा, "हमें वहां नौ बजे या दस बजे तक पहुंच जाना चाहिए। वो मेढ़े वहां पर होंगे। बस यही वो समय होगा।"

मैंने कहा, "वहां पर वे और कौन से दूसरे जानवर है जो चल–फिर रहे है? "

157 कहा, "यह कारिबू या सिंग वाले हिरण है।" मैंने कहा... तो, छह मील दूर, आप जानते हैं, यह बताना कठिन है कि वे कैसे दिखाई देते हैं।

158 और फिर, उसके बाद, छह सौ मील तक, जिस तरह कौआ उड़ता है, वहाँ पर यहाँ तक कोई रास्ता या पगडंडी भी नहीं है। और जब आप पश्चिमी तट पहुंचते हैं, तो आप लगभग आठ सौ मील वैंकूवर की ओर जाते हैं, वहां पर मानव विकसित जीवन का यहाँ तक का कोई अंश भी नहीं है। और अगला मानव विकास जीवन, *इस* ओर जाता है, ये एंकोरेज है, जो लगभग सात या आठ सौ मील में स्थित है। *इस* रास्ते से वापस जाएं तो आप एक छोटे से शहर, येलोनाइफ़ में पहुंचेंगे, जहां एस्किमो लोगों के लिए साल में एक बार एक जहाज मिलता है। और, उसके बाद, आप रूस को पहुंचते है। तो, आप वास्तव में अपने आप में रहते हैं। यहीं पर परमेश्वर अपने विश्राम को ले सकता है, वहां ऊपर, हमारी सारी परेशानियों और परीक्षाओं से, जिनमें हम उसे डालते हैं। इसलिए मैं वहां पर जाकर और उससे बात करना पसंद करता हूं, जब वह विश्राम कर रहा होता है, आप देखिए, तो फिर जब ये कल रात की तरह जहाज पर—पर था।

159 तो जब हम वापस नीचे गए, और अगली सुबह हम जल्दी निकल पड़े। लगभग आठ बजे के आसपास, ह जब तक हम पहाड़ी की चोटी पर नहीं पहुँचे, हम पेड़–पौधों और हर चीज़ से जूझते रहे। और वहां सड़क पर, यहाँ एक मादा कारेबू या सींग वाला हिरण, और एक अच्छे आकार का बैल था। वह चला गया, पहाड़ी पर चढ़ने लगा, और उस पर आगे बड़े–बड़े सींग थे। और मैंने कहा, "तो ठीक है, और सो वहां पहला कैरिबू या सींग वाला हिरण है जिसे मैंने कभी जंगल में देखा है, जंगली। मैं इससे पहले कभी भी इतनी ऊंचाई पर नहीं आया हूं।"

उसने कहा, "हाँ। यह एक कैरिबू या सींग वाला हिरण है।"

160 सो हम ऊपर पहाड़ी पर गए और देखा। वहां भेड़ नहीं थी। तो बड और मैं यहाँ वहां घूमे। और एडी इधर–उधर भागने लगा, और ब्लेन, उसका लड़का, शिकार के लिए इधर–उधर देख रहा था।

161 और हम यहां पर चलकर गये, और, ओह, प्रभु, मैं बस चिल्ला उठा, "परमेश्वर की महिमा हो!" मैंने वहां नीचे देखा, और वहां वे बड़े, बर्फ से ढके पहाड़ थे, बर्फ की परत के नीचे कैरिबू या सींग वाले हिरण का पीले रंग का पत्तों का भोजन था; और उसके ठीक नीचे जो सदाबहार हरे पौधे आते है, जो कि छोटे आकार का नर्म लकड़ी का पेड़ था; और थोडा और आगे की ओर गया, वहां पर छोटे लाल रंग के पेड़ थे; थोडा और आगे, वो पेड़ जिसके पत्ते सदा लहराते रहते है, पीला, सब उसके नीचे झील में प्रतिबिंब हो रहे थे। ओह, प्रभु!

162 बड और मैंने बस अपने हाथों को एक दूसरे के कंधो पर रखा, और बस वहां चारों ओर थोड़ा नाचने–गाने लगे, बस चिल्ला रहे थे और जयजयकार, और परमेश्वर की स्तुति कर रहे थे। और हम एक दूसरे के कंधो ओपर अपने हाथों को डालकर बैठ गए, और बस परमेश्वर की स्तुति की। और हमारे पास, मैं सोचता हूं, लगभग दो घंटे का एक अद्भुत समय था।

163 और मैंने कहा, "कहो, सोचता हूं कि एडी का क्या हुआ? " हम उसे "ड्यूड" कहकर बुलाते है। सो, हम वापस गए। हमने पहाड़ी के उस पार जाना आरंभ किया। मैंने कहा, "वो यहाँ पर खो नहीं सकता।"

164 और कहा, "नहीं। ब्लेन वहां कहीं तो पीछे है, और वह एक इंडियन है।"

165 सो हमने चारों ओर देखा, और मैंने वहां एक फिल्म का कैमरा पड़ा हुआ देखा। मैंने कहा, "यह तो एडी का है।" मैंने पीछे पहाड़ी की ओर देखा। और मैं *इस* ओर गया, और वह दूसरी ओर चला गया।

166 और एडी ऐसा कर रहा था, "श–श–श–श।" वह उस छोटे से नर कारीबू या सींग वाले हिरण का छिपकर पीछा कर रहा था। और वह उसे वापस ले जाने वाला था, उसे उन भारतीय दोस्तों को खिलाने जा रहा था जिनके लिए वह मिशनरी का काम कर रहा था। तो, उसने कारिबू या सींग वाले हिरण का शिकार किया। हम नीचे गए और इसे साफ किया।

167 वापस आ गये, यह लगभग एक बजने वाला है। हमने अपने काठी लगे हुए घोड़ों को फिर से पाया, लगभग आधा मील दूर, जहां पर वे खड़े थे। और हम वहां खड़े हुए थे। उसने कहा, "भाई ब्रन्हम, आप चलना पसंद करते हैं? "

कहा, "मैं निश्चय ही करता हूं।"

168 उसने कहा, “यदि हम इस पहाड़ पर चढ़े... वे मेढ़े पार होकर *इस* ओर से गए, और हो सकता है, उस दूसरे गुफा के अंदर चले गए हो। यदि वे नहीं गए है, तो वे *इस* दूसरे रास्ते से वापस चले गए होंगे।” कहा, “चलो हम एडी और उन लोगों को वापस जाने दें, और *यहाँ* इस छोटी पगडंडी में से होकर जाये, और मेरा काठी का घोडा और अपने काठी का घोडा ले, और कारिबू या इस सींग वाले हिरण को छावनी में ले जाये। और हम यहां से होते हुए चलेंगे और उस स्थान पर पहुंचेंगे। और हमें आज रात्रि लगभग दस या ग्यारह बजे पहुंचना चाहिए।”

मैंने कहा, “ठीक है। हम ऐसा करेंगे।”

169 सो, हम वहां पर खड़े थे। हमने बस सार्डिन मछली के एक डब्बे में से एक–एक टुकड़ा खाया, हम में से हर एक जन ने। और हमने काई के नीचे गड़ दिया, यह सार्डिन मछली के डब्बो को। और हमारी रोटी, जो हमारी कमीज में थी, और यहाँ तक कि पसीने से यह पूरी तरह से एक बड़ा ढेला हो गयी थी। लेकिन यह अच्छा था, जब आपको भूख लगती हैं। और यह ठीक है। सो, हम वहां खड़े थे।

170 और मैं बस इधर–उधर देख रहा था। और मैंने चश्मे में से देखा। मैंने कहा, “बड, यहाँ पर देखो। यह वहां पर क्या है? ”

171 लगभग तीन मील की दूरी पर, वहां वह कारिबू या सींग वाला हिरण था। और यह एक विचित्र था। सींग नहीं था; इसके ऊपर बड़े सींग जैसे नोक थे। मैंने कहा, “तुम्हें याद है? यहाँ देखिये। वहाँ बिल्कुल वैसा ही मनोरम दृश्य है। और वहाँ वह जानवर पड़ा हुआ है, बिल्कुल ठीक उसी तरह से।” मैंने कहा, “वहां केवल एक चीज है जो दर्शन को रूकावट लाती है, कोई तो हरे रंग की चौकड़ी शर्ट के साथ होना है।” और वहां एडी खड़ा हुआ था, एक चौकड़ी हरे रंग की शर्ट के साथ। मैंने कहा, “मैंने सोचा था कि आपके पास ऐसी शर्ट नहीं है।”

172 उसने कहा, “मेरी पत्नी ने अवश्य ही इसे पैकेट में रखा होगा। जब मैं कल पानी में गिर गया था, मैंने शर्ट बदली थी।” उसने कहा, “मैं नहीं जानता था, भाई ब्रन्हम, उसने शर्ट इसमें डाल दी थी। मुझे क्षमा करना कि मैंने आपको कुछ गलत बताया।”

मैंने कहा, “तुम्हें बस यही करना था, पुत्र।”

173 ओह, बड चिल्लाने लगा। उसने कहा, “आप ठीक यहां खड़े होकर और उसे तीन मील दूर गोली मार सकते हैं। क्या आप ऐसा नहीं कर सकते, भाई ब्रन्हम? ”

मैंने कहा, “दर्शन के अनुसार, मैं ठीक उस बात पर था।”

174 उसने कहा, “भाई ब्रन्हम, मैं आपको बताता हूं, आप वहां कैसे पहुंचेंगे? ”

मैंने कहा, “मैं नहीं जानता, लेकिन मैं वहां पर जा रहा हूं।”

सो उसने कहा, “आप कैसे जा रहे हैं? ”

मैंने कहा, “इस मनोरम दृश्य के की ओर जा रहा हूं।”

175 उसने कहा, “यह चिकनी मिट्टी का बड़ा पत्थर है।” और मैं... कहा, “यदि आप फिसल जाते हैं, तो आप पर लगभग एक सेकंड में हजारों टन बर्फ होगी।”

176 और मैंने कहा, “प्रभु इसे संभालेगा। मैं इसी तरह से दर्शन में गया था, ठीक वहां पर उसके पास।”

उसने कहा, “तो ठीक है, मैं आपके पीछे–पीछे आ रहा हूं।” यहाँ वह आया।

177 और इन लड़कों ने कहा, “हम यहां पर तब तक रुके रहेंगे जब तक हम आपको कैरिबू या उस सींग वाले हिरण को पकड़ते हुए देख नहीं लेते है,” और उन्होंने कहा, “तब हम—हम आगे जायेंगे, घोड़ों को लेकर और आ जायेंगे। हम आपसे लगभग नीचे दायरे के अंत में मिलेंगे, ओह, लगभग चार या पांच मील नीचे।”

उसने कहा, “तो ठीक है।”

178 सो हमने बढ़ना आरंभ किया, बड और मैं। लगभग आधे घंटे में, हमने ठीक वहां पर आ गये। और वह कारिबू या सींग वाला हिरण ठीक वहां पर पड़ा हुआ है, ठीक हमारी ओर देख रहा है, और हमें कभी नहीं देखा होगा। वह अवश्य ही सो रहा होगा। और एक छोटे से पगडंडी से ऊपर चला गये, और वापस आकर, और उसके तीस गज के अंदर आ गये। वहां वह लेटा हुआ था। यह विशाल, बड़ा जानवर, वहां से उठा, और मुझे वो मिल गया।

179 और जब हम वहां बैठे हुए थे, खाल को ले रहे थे, और इत्यादि, इसमें से, इस तरह से, बड ने कहा, "क्या आपने कहा ये सींग बयालीस इंच के थे?"

मैंने कहा, "यह बिल्कुल सही है।"

180 उसने कहा, "भाई ब्रन्हम, वे अवश्य ही एक सौ बयालीस होने चाहिए," बहुत बड़ा सिर।

मैंने कहा, "नहीं। यह ठीक बयालीस है।"

कहा, "मेरे पास वहां पर एक नापने का टेप है।"

मैंने कहा, "क्या आपको इसमें संदेह है?"

उसने कहा, "नहीं, श्रीमान।"

181 उसने कहा, "लेकिन, एक मिनट रुकना, क्या आपने मुझे नहीं बताया कि इससे पहले कि आप वापस नीचे आते, आपको एक बड़ा ग्रिजली भालू मिलने वाला था? वहां एक भूरे रंग का भालू होगा, इससे पहले कि आप वापस जाएं जहां वह लड़का, हरी शर्ट पहने हुआ था?"

मैंने कहा, "यही सच्चाई है।"

182 उसने पीछे पहाड़ी की ओर देखा। तो, वहां कोई भी चीज *इतनी* ऊंची नहीं है, बिल्कुल भी नहीं। बस सींग वाले हिरण का हरे पत्तो का भोजन था, आप जहाँ भी देखते हैं, मीलों और मीलों, बस हरे पत्तो की लुढ़कती पहाड़ियाँ। उसने कहा, "वह कहाँ पर है, भाई ब्रन्हम?"

183 मैंने कहा, "वो एक को प्रदान कर सकता है। उसने ऐसा कहा है।" मैंने कहा, "क्या तुम्हे इसमें संदेह है, बड?"

उसने कहा, "नहीं, श्रीमान।"

184 तो, पहाड़ी से नीचे आते हुए, हम *इस* तरह से आये। वह थोड़ी देर के लिए बन्दूक को उठाता, और मैं हिरण के सिर को उठाता, फिर बारी–बारी बदलते रहते। बस किनारे–किनारे से चलते, नीचे आते हुए, वे हिरण के बड़े–बड़े सींग बस पौधों के पत्तो में अटक रहे थे। और हम इसके लगभग एक मील के अंदर आ गए। हमने रुककर और यहाँ वहां देखा। उसने कहा, "उस भालू को तो दिखाई देना चाहिए था, क्या उसे नहीं दिखना चाहिए था?"

मैंने कहा, "तुम्हें—तुम्हें किस बात की चिंता है?"

कहा, “किसी बात की नहीं।”

185 हम आगे बढ़ते गए जब तक कि हम एक छोटे से बर्फ की नदी के पास नहीं आ गए। हम वहां बैठ गए और थोड़ा ठंडा हो गए। उसने कहा, “भाई ब्रन्हम, जरा इस पर सोचे,” कहा, “हम अभी भी, ओह, आधे मील से भी कम दूरी पर हैं जब तक कि हम उन लड़कों तक नहीं पहुँच जाते, और यहां और वहां के बीच कहीं तो आप सुनहरे भालू को मारने जा रहे हैं।”

186 मैंने कहा, “यह ठीक बात है। यह ठीक बात है।” उसने कहा... मैंने कहा, “तुम उस पर संदेह कर रहे हो, बड।”

187 वह उठ कर खड़ा हुआ और मेरे हाथ को पकड़ लिया। उसने कहा, “भाई ब्रन्हम, मेरे भाई को उस दिन से लेकर आज तक कभी भी दौरा नहीं पड़ा।” उसने कहा, “वो परमेश्वर जो आपको मेरे भाई के बारे में बता सकता है, वह आपको गलत नहीं बोलेगा।”

मैंने कहा, “बड, वह वहां पर होगा।”

उसने कहा, “वह कहां से आएगा?”

188 मैंने कहा, “मैं नहीं जानता, लेकिन,” मैंने कहा, “बड, मैं बावन वर्ष का हूं,” (तब), और मैंने कहा, “मैंने दर्शन देखे हैं, बचपन से लेकर। और जब मैंने यहां इस कारिबू या सींग वाले हिरण को देखा, जिसे मारा, और तुम देखते हो कि क्या उसके सींग बयालीस इंच के नहीं थे। और फिर, उसी दर्शन में, मैं वापस अपने मार्ग पर पर था जहां वह सहयोगी लोग थे, जिसके साथ मैं था, मैंने इस सिल्वर ट्रिप या भूरे रंग के भालू को मारा, ग्रिजली।”

उसने कहा, “भाई ब्रन्हम, मैं बीस मील तक देख सकता हूं।”

189 उसने कहा, “परमेश्वर उसे जमीन पर से खींच कर बाहर निकालेगा, या उसे आकाश से नीचे लायेगा, या ऐसा ही कुछ तो।”

मैंने कहा, “तुम चिंता मत करो। वह वहां पर होगा।”

190 हम लगभग सौ गज और चले। वह भी लगभग थक चूका था। इस हिरण का वजन लगभग एक सौ पचास पौंड है, यह जिसका शिकार किया था। सो, पहाड़ी से नीचे आते हुए, और उसने—उसने इसे नीचे रख दिया। उसने कहा, “व्यूह! मैं थकने पर हूं।”

191 मैंने कहा, “हां।” हम एक तब बौने से त्रिकोण आकार के पेड़ो के अंदर आ गये हैं, बौने से, लगभग *इतने* ऊंचे। वहां पर कुछ तीतर पक्षी उड़ रहे थे, और वहां पर मुर्ग जाति के पक्षी थे, और तो मैंने उन पर इस तरह से कुछ पत्थर फेंके।

तो उसने कहा, “क्या आपने कभी उनमें से कोई भी मुर्ग जाति के पक्षी को खाया है? ”

मैंने कहा, “नहीं। मैं नहीं सोचता।”

192 उसने कहा, “वे अच्छे होते हैं। वे तीतर पक्षी के समान अच्छे होते हैं।” उसने कहा, “भाई ब्रन्हम? ” अपनी बड़ी पुरानी काली टोपी को उतार दिया, अपने आप को पंखा करने लगा। कहा, “उस भालू के आने का समय हो गया है, क्या ऐसा नहीं है, लड़के? ”

और मैंने कहा—मैंने कहा, “बड, तुम इस पर संदेह कर रहे हो।”

193 उसने कहा, “नहीं। मैं नहीं कर रहा हूं। लेकिन, भाई ब्रन्हम, मैं—मैं—मैं बस नहीं समझ सकता।”

194 मैंने कहा, “मैं भी नहीं समझ सकता। यह समझना मेरे बस की बात नहीं है। इस पर मुझे विश्वास करना है।” आमीन। स्वर्ग में परमेश्वर जानता है कि ये बातें सत्य हैं। क्या मैं यहाँ खड़ा होकर यह कहूँगा कि यह सच नहीं था?

195 तब मैं पीछे मुड़ने लगा, जिससे कि उसे बंदूक को दूं, और मैंने हिरण के सिर को उठाया। और जैसे ही मैं मुड़ा, मैंने कहा, “बड, तुमने अपने गले में चश्मा लगा रखा है। वह क्या है जो वहां पहाड़ी के किनारे पर खड़ा हुआ है? ”

196 और उसने चश्मा ऊपर लगाया। उसने कहा, “ओह, मेरी सहायता करो,” कहा, “जो ये किसी की दूध देने वाली गाय नहीं है!” देश में ऐसी इस तरह की कोई चीज नहीं है। कहा, “यह मेरे जीवन में अब तक का सबसे बड़ा ग्रिज्ली भालू है। और सो मेरी सहायता करें, उस पीले सूरज को देखें जो उस पर चमक रहा है। वह भुरे रंग का भालू है।” कहा, “आपके अनुसार वह कितनी दूर है? ”

197 मैंने कहा, “वह वहां लगभग दो मील ऊपर है।” और हम लगभग थक चुके थे। उसने कहा... मैंने कहा, “हम किस बात के लिए रुके हुए हैं?

आओ चलें।”

और उसने कहा, “क्या आपको पक्का है उसे पकड़ लेंगे?

मैंने कहा, “निश्चय ही मैं उसे पकड लुंगा।”

उसने कहा, “वह कौन सी बंदूक है जिसका आप वहां उपयोग कर रहे हो? ”

198 मैंने कहा, “अब, इसके बारे में मत सोचो।” (और ये एक छोटी सी बंदूक थी जो किसी भाई ने मुझे एक बार एक सभा में दी थी, बहुत वर्ष पहले।) और मैंने कहा... (थोड़ी सी, सस्ती है .270।) और मैंने कहा, “तो ठीक है। मेरे पास... मैं... यह मेरे पास होगी।”

199 हम थोड़ा और नजदीक जाने लगे। और हम जितने नजदीक आते गए, भालू उतना ही बड़ा दिखाई दिया, अपने आप से। ओह, वह एक विशाल सुखी घास के ढेर की तरह लग रहा था जो उस हरे–हरे पौधों पर बैठा हुआ था, आप जानते हैं। स्थिर, बड़ा, शक्तिशाली, विशाल चीज, सिर लगभग *इतना* चौड़ा, आप जानते हैं, और जबड़े बाहर निकले हुए, बड़े–बड़े पंजे। और वह इन छोटी ब्लूबेरी की डालियों को *इस* प्रकार से तोड़ रहा था, आप जानते हैं, उन्हें खा रहा था। और ऐसे ही बैठा हुआ, बहुत ही बड़ा जानवर! हम लगभग, ओह, उससे लगभग आठ सौ गज की दूरी पर थे।

200 उसने कहा, “हे, भाई ब्रन्हम, क्या—क्या आपने पहले कभी ग्रिज्ली भालू पर गोली चलाई है? ”

201 मैंने कहा, “मैंने बहुत से भालुओ को मारा है, बड, लेकिन मैंने इससे पहले कभी भी भूरे रंग के ग्रिज्ली भालू पर गोली नहीं चलाई है।”

202 उसने कहा, “आप जानते हैं, भूरे रंग के भालू उन सभी में सबसे बड़े लडाकू होते है।”

मैंने कहा, “हाँ, मैं इसे समझता हूं।”

उसने कहा, “वो नहीं जानता कि कैसे मरना है।”

और मैंने कहा, “अच्छा? ”

203 उसने कहा, “नहीं... आपको कितना—कैसे—कितना दूर... ? आपको इसके साथ उसे मारने के लिए कितना नजदीक जाना होगा? ”

204 अब, आप अब बड से पूछ सकते है। उसे एक पत्र लिखें। मैं आपको उनका पता दूंगा। उसने कहा, “कोई भी व्यक्ति जो इस विषय पर लिखना चाहता है, मुझे लिखे। मैं उन्हें बताऊंगा।” और इसलिए...

और मैंने कहा, “अच्छा? ” मैंने कहा...

उसने कहा, “अब? ”

205 मैंने कहा, “नहीं, नहीं। मैं दर्शन में इससे अधिक नजदीक था, बड। मैं ठीक उसके नजदीक था।”

206 उसने कहा, “अब हम बहुत नजदीक आ रहे हैं। वह किसी भी समय हमला कर सकता है।”

207 मैंने कहा, “मैं यह जानता हूं। लेकिन,” मैंने कहा, “बड,” मैंने कहा, “कुछ भी नहीं होगा।”

208 उसने कहा, “अब, जब आप एक भालू को गोली मारते हैं,” कहा, “अब, भाई ब्रन्हम, आप उसकी पीठ में गोली मारे। आपको उसे गिराना होगा, क्योंकि वह लड़ता रहेगा, वह तब नहीं उठ सकेगा।”

मैंने कहा, “नहीं, दर्शन के अनुसार, मैंने उसके ह्रदय में गोली मार दी।”

उसने कहा, “मैं आशा करता हूं कि आप इस बात पर कोई गलती नहीं कर रहे है।”

209 मैंने कहा—मैंने कहा, “मैं नहीं कर रहा।” मैंने कहा, “मुझे यह याद है।” क्योंकि, एक—एक दर्शन में, आप—आप एक चेतना में होते हैं, और दोनों में होते है, जैसा कि हमने उस रात को समझाया था। आप दो में होते है। आप इसे नहीं भूल सकते। समझे? तो आप वहां है।

210 तो हम फिर से आगे बढ़ गए, लगभग—लगभग ढाई सौ गज की दूरी पर। यह बस अंतिम छोटी सी जल की धारा थी जिस पर से होकर हम गए। और मैंने कहा, “अब बस इतना ही है। उसे देखो। क्या वह सुंदर नहीं है? ”

उसने कहा, “हाँ, मुझे लगता हूं कि वह सुंदर है।”

211 और—और मैंने कहा, “ठीक है, बड। अब जब मैं यहां से उठता हूं, वह आ रहा है।” और मैंने कहा, “तुम बस देखते रहना।”

और उसने कहा, “मैं देखता रहूंगा।”

212 सो मैंने बंदूक की नली में एक गोली को डाला, आप समझते हैं। और हम वहां इस छोटी सी जल की धारा के नीचे थे। जैसे ही मैं उठा, यहां पर वह आता है। ओह, प्रभु! मैं रुक गया, गोली चलाई, और ऐसा लग रहा था जैसे एक मटर के दानो से उसे गोली मार रहे हैं। लड़के, इससे कुछ भी उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा, या बिल्कुल भी नहीं रोका हो। और, ओह, इसके पहले...

213 आप गति के बारे में बात करे! मैंने इस तरह का कुछ भी कभी नहीं देखा। वो, वे एक घोड़े, हिरन, या किसी भी चीज से आगे निकल जायेंगा, आप जानते हैं, एक भालू इस तरह से कर सकता है। वो सीधे उस पहाड़ी से नीचे आ रहा था, ठीक हमारी ओर, इस तरह से।

214 और मैं, इससे पहले कि मैं बंदूक में एक और गोली भर सकूं, वह गिरकर मर गया, लगभग, ओह, मुझसे लगभग तीस, चालीस गज की दूरी पर, बस एक सिरे से दूसरे सिरे तक पलटने लगा; उसमें से हृदय, फेफड़े और सब कुछ निकाल दिया। यह एक नोस्लर की गोली थी, आप हाथ से गोली भरने वाले इसे जानते हैं। तो इसने—इसने उसे उड़ा दिया, और वह गिर गया।

215 बड, वहां पर खड़ा हुआ था, उसकी ओर देखा, मुंह के चारों ओर बहुत ही सफेद हो गया था। उसने कहा, "भाई ब्रन्हम, मैं उसे अपनी गोद में नहीं लेना चाहता था।"

मैंने कहा, "न ही मैं चाहता था।"

216 उसने कहा, "व्यूह।" कहा, "इसके समाप्त होने के बाद मैं तुम्हे बताना चाहता हूं, लड़के। यदि यह उन दर्शनों में से एक भी दर्शन नहीं होता था, और मैंने पहले घटित होते हुए देखा होता, मैं यहां कभी नहीं आया होता, उस भालू के इतना नजदीक, तुम्हारे साथ।"

217 और ना ही हम में से कोई भी उसे हिला सकता। उसका वजन लगभग एक हजार पौंड था, मैं सोचता हूं, ऐसा ही कुछ, विशाल, बड़ा जानवर। हम उसे साफ नहीं कर पाए, हमारे पास... उसकी खाल है। हमने नीचे की ओर बढ़ना आरंभ किया। और हमने कहा... "भाई ब्रन्हम? " हमने सींगों को उठाया। उसने कहा, "यदि वे सींग बिल्कुल बयालीस इंच के होंगे," कहा, "मैं तो बस एक को दौड़ को लगाने जा रहा हूं।"

218 मैंने कहा, “अच्छा होगा कि आप इसे ठीक अभी लगाये, क्योंकि यह इतने के ही है।”

219 उसने कहा, “मैंने कभी भी एक—एक—एक... मुझे ऐसा लगता है जैसे मैं यह सपना देख रहा हूं।”

220 और जब हम वहां पर पहुंचे, और मैंने एडी से—से कहा, मैंने कहा, “अब तुम देखना। ब्लेन इस पर अपने हाथों को रखेगा।”

221 अब, आपको याद है, उस सींग के ऊपर एक छोटा सा हाथ था। याद करे, भाई फ्रेड, मैंने आपको कैसे बताया था कि ऐसा होगा?

और मैंने कहा, “तुम इसे देखना,” एडी को कहा।

और तो बड ने कहा, “रुकना।” उसने वहां पर अपना घोडा लिया।

222 और हम उसे उठा कर लाये थे आप जानते हैं, और वे घोडे बस हर चीज को फाड़ रहे थे। आप जानते हैं कि वे किस तरह से करते हैं जब वे ग्रिजली भालू या किसी भी प्रकार के भालू को सूंघते हैं। सो मैं—मैं वहां पर गया, पकड़े हुए, घोड़े को पकड़ने की कोशिश कर रहा था, वो काठी वाला घोडा दूर जाने की कोशिश कर रहा था।

223 और उसने वहां जाकर और अपना नापने का टेप लिया, और वहां पर चलकर आया, मुझे *इस* तरह से देख रहा था। कहा, “यहां आओ, ब्लेन।” मैंने एडी को हल्के से मुक्का मारा। इसे इस पर रखो। आमीन। और तो मेरी सहायता करना, बयालीस इंच, नाक पर!

224 अब, वे सींग लगभग दो इंच सिकुड़ जाते हैं, जब वे सूख जाते हैं। वह ग्रिजली भालू मेरे निजी कमरे में रखा हुआ है, और सींग दीवार पर लटक रहे हैं। जानवरों की खाल प्रसाधन करने वाले ने उन्हें लगाया था, और उन्हें ऊपर लगाया था। उन पर एक नाप करने की टेप लटकी हुई है, जो बिल्कुल ठीक बयालीस इंच के है।

225 अब, परमेश्वर एक मनुष्य को शिकार की यात्रा के विषय में कुछ इस प्रकार से क्या बतायेगा?

226 जब मैं वापस आया, माँ बीमार थी। मैं उसे देखने के लिए गया। उसने कहा, “बिली?” देखो, वह मुझे प्रोत्साहित कर रहा था, मुझे किसी चीज के लिए तैयार कर रहा था।

मैंने कहा, “माँ, प्रभु ने आपको हमेशा ही चंगा किया है।”

उसने कहा, "बिली, मैं पिताजी से मिलने के लिए घर जा रही हूं।"

"ओह," मैंने कहा, "माँ, इस तरह से बात मत करो।"

कहा, "हां, मैं जा रही हूं।" मैंने उसके लिए प्रार्थना की।

और भाई फ्रेड और ये सारे गवाह जो यहां बैठे हुए है जानते हैं।

227 फिर, अगली बात आप जानते हैं, उन्होंने उसे अस्पताल में रखा था। डॉक्टर को यहाँ तक यह भी नहीं पता था कि क्या गलत था। तो, मैं उसके लिए प्रार्थना करने के लिए वहां पर गया। उसने कहा, "बेटे, मैं जा रही हूं।" और अब, जो भी हो, मेरी मां एक प्रकार से एक बलशाली महिला थी।

228 एक दिन, उसके कुछ दिनों के बाद, मैं चलकर वहां गया। वह वहां खड़ी थी, सीधे ऊपर स्वर्ग की ओर देख रही थी। उसने कहा, "बिली, मैं तुम्हें देखती हूं।"

मैंने कहा, "क्यों, निश्चय ही, माँ।" कहा, "मैं आपको ठीक यहां पर देखता हूं।"

229 उसने कहा, "ओह, तुम बहुत बूढ़े हो गये, बिल," कहा, "तुम्हारे सफेद बाल और दाढ़ी बस एक साथ लटक रहे है। तुमने अपना हाथ क्रूस पर रखा है और मेरी ओर बढ़ रहे हो।" तब मेरे पास एक अच्छा विचार था, ऐसा ही था।

अब, आप यहां भाई लोग जानते हैं कि यह सत्य है।

230 अगले दिन रविवार था। मैं प्रचार कर रहा था। उन्होंने मेरे लिए संदेश को भेजा, "आपकी... "

मैंने कहा, "मैं विश्वास नहीं करता कि मां जा रही है। परमेश्वर हमेशा मुझे दिखाता है, मेरे लोग जा रहे हैं। लेकिन, माँ, उसने मुझे इसके बारे में कभी कुछ नहीं दिखाया।" यहां एक संदेश आया। और मैं ठीक इस तरह से ठीक अपने संदेश के बीच में था। किसी ने वहां आकर, कहा, "जाये, ठीक अभी अपनी मां के पास जाये। उसे फोन करे। वह इसी मिनट, मरने जा रही है।"

231 मैंने कहा, "मृत्यु, उसे अभी मत लेना। परमेश्वर का वचन इससे अधिक महत्वपूर्ण है।"

232 यह व्यक्ति ठीक यहां बैठा हुआ है, भाई बॉर्डर्स। सभा के समाप्त होने के बाद, मैं अपनी मां को देखने के लिए वहां पर गया। मैं भाई बॉर्डर्स से

मिला। उसने कहा, “भाई ब्रन्हम, आप छह फुट के नहीं है, लेकिन मैंने आज सुबह एक दस फुट के व्यक्ति को पुलपीट में खड़ा देखा है।”

मैंने कहा, “भाई बॉर्डर्स, परमेश्वर माँ के लिए इन सारी बातों का संभाल लेगा।”

233 और उसके कुछ दिनों के बाद, उन्होंने मुझे कमरे में बुलाया, और माँ वास्तव में जा रही थी। बच्चे इकट्ठा हो गये थे, बिस्तर के चारों ओर खड़े थे। मैंने कहा, “माँ, क्या आप सच में जा रही हैं? ”

उसने कहा, “हां।” तब वह और नहीं बोल पायी।

234 मैं उसे बताता रहता था, “माँ, यीशु का आपके लिए क्या मायने रखता है? ” मुझे याद है, बहुत समय पहले उसके नाम में बपतिस्मा दिया था, वहां बाहर पानी में। मैंने कहा, “मुझे बताओ कि अब तुम्हारे लिए उसका क्या मायने रखता है।”

उसने कहा, “मेरे लिए जीवन से बढ़कर है।”

235 मैंने कहा, “माँ, यदि आप जा रही हैं, तो मैं आपका लड़का हूँ, उस... एक प्रचारक हूं। मैं अपनी मां से जानना चाहता हूं, जो परमेश्वर से मिलने जा रही है। मैं यहां आपका हाथ पकड़ना चाहता हूं, माँ।”

कहा, “मैं चाहता हूं कि आप।” मैं इसे पकड़े रहा।

236 वह बात नहीं कर सकती थी। उसका चेहरा ऐसा दिखा कि वह लकवाग्रस्त हो गयी थी। मैंने कहा, “क्या आप अब और बात नहीं कर सकती, माँ? ” वह नहीं कर सकी... मैंने कहा, “सुनो। क्या यीशु अब भी आपके लिए बस वैसा ही है? ” वह अपना सिर हिला सकती थी।

237 बाद में उसकी स्थिति ऐसी हो गई, वह अपना सिर अब और नहीं हिला सकती थी। मैंने कहा, “माँ, क्या यीशु अब आपके लिए सब कुछ है? वह आपके लिए अगले मिनट में आ रहा है। आपके लिए सब कुछ है? ” वह हिल नहीं सकती थी।

238 मैंने कहा, “मां, आपके पास केवल एक ही चीज है, आप... मैं देख रहा हूं कि आप अपनी आंखों को झपका रही हैं। यदि यीशु का आपके लिए अब भी वही मायने है जैसा वो हमेशा था, जिस दिन मैंने आपको पानी में बपतिस्मा दिया, तो आप आँखों को बहुत तेजी से झपकाए।” उसने अपनी आंखों को झपकाया, और *इस* तरह से आंसू बह रहे थे।

239 और कुछ हल्का सा हवा का झोखा आया, जो कमरे में से तेजी से निकल गया। मां घर चली गई।

240 मैं घर आया, अंतिम संस्कार के गृह में गया, कपड़ो को लिया। ओह, आप जानते हैं कि यह कैसा होता है। आपको उसी काम को करना होता है। सारे बच्चे रो रहे थे, एक वहां उस स्थान पर, और एक, दूसरे स्थान पर। मैंने कहा, "माँ सबको जोड़ कर रखने वाले स्थान पर थी। हम कभी भी पहले जैसे नहीं रहेंगे।" डॉक् और उसका परिवार *इस* कोने में है। जेस्से और उसका परिवार *उस* कोने में है। हमने हाल ही में हावर्ड को दफनाया है। मैंने कहा, "तो ठीक है, हम जा चुके हैं, लड़कों।" मैंने कहा, "हम... हम एक दूसरे से मिलने नहीं आ पाएंगे। माँ हमारा घर थी।" मैंने कहा, "हम एक दूसरे से नहीं मिल पाएंगे, अब और नहीं।"

241 मैं रात के समय घर चला गया, उसके कपड़े निकालने के बाद। मैं घर चला गया।

242 श्रीमती डी अमीको, कोई भी जो शिकागो से है उन्हें जानता है? जो अभियान में बहुत गहरी मित्र रही थी। उसने मुझे एक बाईबल दी थी। (क्षमा करें।) और यह उन लाल अक्षरों वाली बाईबल में से एक थी जिस पर एक चैन लगी हुई थी। और किसी ने तो, जब मैंने उस उपदेश को प्रचार किया, *वो मेमना और पिंडुकी*, उन्होंने मेरे लिए एक धारक के रूप में दो पिंडुकी को भेजा था। मेरे एक और भाई, भाई नोरमन ने मुझे एक छोटी पिंडुकी, और एक मेमना भेजा था, मेरे भाई बॉर्डर्स ने मुझे मेमना दिया। मैंने बाईबल को उठाया। मेडा वहां एक कोने में रो रही थी।

243 और आप सब यहां के बिसनेस मेन जानते हैं, जब मैं जमैका में था, मैंने अपनी सास को देखा था, आपको वहां जमैका की मेज पर बताया था। मैंने कहा, "मेरे लोगों में से कोई तो मर रहा है, जिसके दांत नहीं है। मैं उन्हें जाते हुए देखता हूं।" ठीक वहां मेज पर, देमोस शेकरियन और वे सारे वहां पर बैठे हुए थे। उसके कुछ ही घंटों बाद, मेरी सास लगभग मरने पर थी, एक समय, देखो, उनके दांत नहीं थे, बस ठीक वैसे ही।

244 मैंने कहा, "मैंने एक युवक को लहू थूकते देखा है।" मैंने फोन किया, कहा, "बिली मत... "

245 क्या कोई यहां पर है जो उस—उस जमैका की सभा में था, जो उस समय पर—पर जमैका, किंग्स्टन में था? नहीं देख पा रहा हूं। जी हां। वहां

दो जन है। तो फिर...

246 और मैंने कहा, “यह अवश्य है... बिली, तुम वहाँ ऊपर मत जाओ। मैंने एक युवा व्यक्ति को लहू थूकते देखा है।” और यह मेरा साला था। वह चला गया, जब उसकी मां की मृत्यु हो गई, तो उसे लहू का बहाव हुआ था। इसने उसे बहुत ही झटके में डाल दिया।

247 फिर उस दिन यहां पर खड़े होकर, मैंने इस बाईबल को उठाया। मैंने कहा, “पिता, मैं नहीं जानता। हो सकता है बस आपका प्रेम है, आपने मुझे उसे जाते हुए नहीं दिखाया। लेकिन मैं बहुत टूट गया हूं, परमेश्वर। क्या आप मुझे अपने वचन में से कुछ सांत्वना के शब्द देंगे? ” मैंने कहा, “मुझे कुछ ऐसा पढ़ने दो जो दिलासा हो, मुझे दिलासा दे।” मैंने बस बाईबल को *इस* तरह से खोल दिया। वहां पर यह था, बड़े–बड़े लाल अक्षर, “वह मरी नहीं है, लेकिन सो रही है।” और मैं कमरे में चला गया। हम सोने चले गए।

248 लगभग आठ बजे, अगली सुबह, उठा। वे उसकी तैयारी करने जा रहे थे, लगभग दोपहर बाद, इसलिए हम नीचे गए और उसे देखा। मेडा बच्चों के लिए नाश्ता लेने के लिए बाहर गई, और छोटा जोए रो रहा था। बैकी एक कोने में, अब भी रो रही है, “क्या मैं फिर कभी दादी को देख पाऊँगी? ”

249 मैंने कहा, “हां। हां। तुम उसे देखोगी। वह बस उस पार, ऊपर सीढियां चढ़कर गई है।” मैंने कहा, “वो, हम उसे फिर से देखेंगे।” और वह उन छोटे बच्चो से प्रेम करती थी, आप जानते है।

250 और, इसलिए, और वे सब रो रहे थे, “क्या हम इस दोपहर नानी को देख सकते हैं? ”

251 मैंने कहा, “आप उस शरीर को देख सकते हैं जिसमें वह रहती थी, लेकिन नानी तुम्हारी दादी के पास चली गई हैं, वे ऊपर स्वर्ग में हैं।”

252 और जोए इसे नहीं समझ सका, मेरा छोटा बेटा, आप जानते हैं। वह बस इसे नहीं समझ सका। उसने कहा, “तो फिर, क्या आज रात नानी वापस आ जायेगी? ”

253 और मैंने कहा, “नहीं, नहीं। मैं नहीं जानता कि वह कब वापस आएगी। जब यीशु आयेगा, तो वह वापस आएगी।”

254 और मैं वहां पर खड़ा हुआ था। और मैं घूम कर कमरे में चला गया। और जब मैं गया... मुझसे इसे समझाने के लिए मत कहना। इसे समझाने

का कोई तरीका नहीं है। मैंने खुद को वहां बाहर खड़े हुए देखा, बिल्कुल वैसे ही जैसे मैं इस श्रोतागण को सामने देखता हूं। और मैं गीतों की अगुवाही कर रहा था। मैंने ऐसा कभी भी नहीं किया। मैं बिल्कुल गा भी नहीं सकता। सो, और वहां पर लोगों की एक बड़ी, विशाल भीड़ थी।

255 *इस* ओर, वो—वो सभागार ऐसा दिखाई दिया जैसे यह बाहर की ओर था, जैसे, ओह, मैं नहीं जानता कि आप इसे क्या कहकर बुलाते है, एक प्रकार से एक पहाड़ी के नीचे, और एक प्रकार से उसकी तरह जैसे एक गोलाकार इमारत जिसमें दर्शकों के बैठने की व्यवस्था होती है। और यह बहुत पीछे की ओर था, पंक्तियाँ थी, इतना तक कि उन्हें *इस* तरह से ऊपर खड़ा होना पड़ता था, सो वे लोग जो बहुत ही पीछे है उन्हें *इस* ओर देखना पड़ रहा था। लेकिन ठीक बीच में... बस तीन पंक्तियाँ थी, *इस* तरह से। और ठीक बीच में बस जैसे सुखी घास के ढेर की कतार हुई थी, छोटे–छोटे अकड़नग्रस्त, अपंग बच्चे उन पंक्तियों में लेटे हुए थे।

256 और मैंने एक गहरे रंग का सूट पहना हुआ था, और मैं गा रहा था, “उन्हें अंदर लाओ, उन्हें अंदर लाओ, छोटे बच्चों को यीशु के पास लाओ।” हम इसे कभी–कभार कलीसिया में गाते हैं, विशेष रूप से जब बच्चों को समर्पित करते है। और यहाँ एक—एक बक्से के समान बना था, जहाँ पर प्रसिद्ध लोग बैठते, और पुलपीट उसके नजदीक था। लेकिन मैं नीचे था, गीतों की अगुवाई कर रहा था। और तुरंत ही, मैं वहां खड़ा हुआ, अपने आप को देखने लगा, तब... ओह, इसे सोचने की कोशिश ना करे, क्योंकि आप नहीं सोच सकते। तब जब मैं *यहां* पर था, बाद में यह *यहां* हो गया। मैं नहीं जानता। उनमें से दो एक साथ चले गए। और यह...

यह एक अच्छी बात है जब आपके दो एक साथ चले जाते हैं।

257 मेरे पास वहां एक कैमरा था। नीचे आते हुए, मैं नहीं जानता कि कैसे तस्वीर को लिया जाए। मैंने उस चीज़ को इस कैमरे में से होकर देखा, और भाई, मुझे पाँच या छह अलग–अलग चीज़ें दिखीं। सो मैंने उस पर कैमरे को केंद्रित करना शुरू किया। बिली ने मुझसे कहा, “इस पर ध्यान केंद्रित करो, और वे सभी एक में आ जाएंगे।”

258 ऐसा करना एक अच्छा विचार है, आप जानते हैं। जब आप ध्यान केंद्रित करते हैं तो आप चीजों को अलग नजर से देखते हैं। और उस पर केंद्रित करने के लिए परमेश्वर के वचन का उपयोग करें, और आप—आप

देखेंगे कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं। लेकिन पहले इस पर केंद्रित करे, आप देखो।

259 सो वहां खड़े होकर देख रहा था, और मैं उस दर्शन में चला गया। और जब मैं वहां था, मैंने देखा कि एक प्रसिद्ध व्यक्ति उस स्थान के पीछे की ओर आया हुआ था। और वे... मैंने कहा, “तो ठीक है, वे प्रसिद्ध व्यक्ति के बक्से में आ रहे हैं।” सो वे चलते हुए *इस* ओर आये। और मैंने सोचा, “ठीक है, मैं एक बार फिर से गाऊंगा, जब वो महिला आ रही है।” उसने पुराने फैशन के कपड़े पहने हुए थे।

260 अब, आप में से कुछ महिलाओं को यह याद होगा, जब वे *यहाँ* की तरह एक प्रकार की स्कर्ट पहनती थीं, और यह फीतेदार जूतों के ऊपर तक जाती थी। और उनके पास एक प्रकार से भरा हुआ... आप उन्हें क्या कहते हैं, जैसे—जैसे यह महिला अब यहाँ पर पहने हुए है? वो ब्लाउज़। ब्लाउज़, इसी तरह की चीज़ों में से एक थी, और उसमें पूरी आस्तीनें होती थी। आपको वे याद है? और यहाँ गर्दन के चारों ओर ऊपर तक होता है, एक छोटी सी बटन जैसी चीज़ यहाँ पर होती है। फिर, एक बहुत बड़ी टोपी पहनी हुई, जो एक ओर से मुड़ी हुई थी। और स्त्रियां, उन दिनों में, वे लंबे बाल रखती थी। तो वे इसे *इस* तरह नीचे खींचती, और इस पर एक टोपी रखती, और इसमें एक पिन लगाती, आप जानते हैं, जिससे कि ये सिर पर बनी रहे, क्योंकि उन्हें घोड़े और इत्यादि की पीठ की काठी पर दोनों पैरो को एक तरफ करके सवारी करनी होती थी।

261 तो यह महिला आगे आ रही थी, और हर कोई इस महिला का सम्मान कर रहा था। और मैंने सोचा, “तो ठीक है, वह प्रसिद्ध व्यक्तियों के बक्से में जाएगी।”

262 सो, तब, मैंने कहा, “एक बार और, सारे जो *इस* ओर है गाये, ‘उन्हें अंदर ले आओ।’ अब जो *यहाँ* पर है गाये, ‘उन्हें अंदर ले आओ।’ फिर सब जो बीच में है, अब सभी एक साथ, ‘छोटे बालकों को यीशु के पास लाओ।’”

263 जैसे ही मैंने कहा, यह महिला पहले ही बक्से में प्रवेश कर चुकी थी। मैं देख सकता था, जब उसने बक्से में प्रवेश किया, तो हर कोई खड़ा हो गया। और वे *इस* तरह से कर रहे थे, जैसे कि उसे पहचानते है, और वह उन्हें पहचानती है।

264 मैंने सोचा, “तो, यह मेरे लिए प्रचार करने का समय है। मैं उन बीमार लोगों के लिए प्रार्थना करूंगा।” मैं यहां पुलपीट पर—पर *इस* तरह से खड़ा हुआ, और बक्सा जो ठीक, ओह, उतना ही नजदीक था जितना *यह* भाई यहां बैठा हुआ है। और मैं *इस* तरह से पीछे घूमा।

265 मैंने सोचा, “तो ठीक है, अब, वह महिला मेरे सामने झुकेगी, तो मैं बस उसे पहचान लूंगा।” और तो जब मैं घूमा, उसने पहले से ही अपना सिर नीचे किया हुआ था, *इस* तरह से, और मैंने तब *इस* तरह से अपना सिर नीचे किया, और जब मैंने अपना सिर ऊपर उठाया, उसी समय, उससे मिला, तो यह माँ थी, युवा, सुंदर।

मैंने उसकी ओर देखा। मैंने कहा, “माँ? ”

उसने कहा, “बिली।”

266 और ठीक तभी, इमारत में हर कहीं बिजली चमकने लगी, गर्जनाये हुई, और एक कंपन हुई। और एक आवाज ने कहा, “अपनी मां के विषय में मत डरो।” कहा, “वह उसी तरह से है जैसे वह 1906 में थी।”

और मैंने कहा, “क्या, 1906 में? ”

और मेडा ने कहा, “आपको क्या हुआ है? ” मेरी पत्नी ने पूछा।

मैंने कहा, “प्रिय, 1906, 1906 क्या था? ”

उसने कहा, “क्यों? ”

मैंने कहा, “एक दर्शन में, मैंने माँ को ठीक यहाँ पर खड़े हुए देखा।”

कहा, “आपने क्या देखा? ”

मैंने कहा, “मैंने माँ को देखा है।”

कहा, “आपको बिल्कुल पक्का है, बिल? ”

267 मैंने कहा, “हां। वह ठीक यहां पर खड़ी हुई थी, और वह सुंदर थी। और उसने कहा... ” मैंने कहा, “वह बस एक युवा महिला थी।”

268 इसलिए मैंने जाकर और पुराने पारिवार के अभिलेख को लिया। आप जानते हैं कि वह 1906 में क्या थी? मेरे पिता की दुल्हन। यही वो वर्ष है जब उसका विवाह हुआ था। अब वह दूसरी दुल्हन का भाग है, प्रभु यीशु की दुल्हन।

269 कहीं से किसी ने मुझे निकल के धातु का सिक्का भेजा है। यह यहाँ मेरी जेब में है, 1906।

270 "और वो, पवित्र आत्मा, जब वह आता है, तो वह इन बातों को तुम पर प्रकट करेगा जो मैंने कही है, और आने वाली बातों को दिखायेगा।"

271 अब, यह क्या है? शिकार की यात्रा केवल मुझे तैयार कर रही थी, आप देखना। सबसे अच्छी यात्राओं में से एक जो मैंने कभी ली, यह जानते हुए, यह बड़ा झटका। यह प्रेम था। और, भाईयों, बहनों, यदि ये सारे अन्य दर्शन सिद्ध रूप से सही रहे हैं, पवित्र आत्मा ने जो दिखाया है, तो इसे पवित्र आत्मा ही होना है। बाईबल ने कहा, कि, "यदि यह घटित होता है, तब यह वही है।"

272 तब, हमारे पास क्या ही आशा है! किसी दिन हम इस स्थान को छोड़ने जा रहे हैं। हम वापस एक युवा पुरुष और महिला होने जा रहे हैं, जो कभी भी नहीं मरेंगे। बजाये इसके कि मैं यह जानूं कि मैं संसार का राष्ट्रपति बनने जा रहा हूं और लाखो वर्ष जीवित रहूंगा। बल्कि मैं तो यह जानना चाहता हूँ कि मैं परमेश्वर के हाथ में हूँ।

273 और आज रात मुझे यह जानकर खुशी हुई, कि वही यीशु जिसने इस बात को कहा है, वह दो हजार वर्षों के बाद यहां पर है। देखो, यह नष्ट नहीं हो सकता। यह अनंत है। और वह आज रात बिल्कुल वही यीशु है जो उस दिन पर था जिसने इस बात को कहा था। और वह अब भी उस वचन की पुष्टि करेगा, यदि हम इसका विश्वास करेंगे। क्या आप यह विश्वास करते हैं?

274 "जब वो, पवित्र आत्मा आता है, तो वह अपने विषय में नहीं बोलेगा। लेकिन वह उन चीजों को लेगा, जो मेरे विषय में है," यही वो वचन है, "और उन्हें तुम्हें दिखायेगा। और फिर, वह तुम्हें उन बातों को भी दिखाएगा जो होने वाली है।"

275 इब्रानियों की—की किताब में, 4था अध्याय, बाईबल ने कहा, "परमेश्वर का वचन तेज है... "

276 अब, वचन कौन था? यीशु। "आदि में वचन था, और वचन परमेश्वर के साथ था, और वचन परमेश्वर था। वचन देहधारी हुआ था। वास किया... "

277 "परमेश्वर का वचन किसी भी दोधारी तलवार से भी चोखा है, आर–

पार छेदने वाला है, और हड्डी के गूदे–गुदे को अलग करता है, और ह्रदय के विचारों को परखता है।"

278 यही हमारा परमेश्वर है। हम नष्ट नहीं हुए हैं, मित्रों। हम अब भी परमेश्वर के अनुग्रह में है। मैं—मैं महसूस करता हूं, कि किसी भी चीज के लिए बात करना, और भूतकाल के लिए बोलना... और जैसा कि मैंने पिछली रात्रि कहा था, जब वे चेले उस सभा में जीने का प्रयास कर रहे थे जो उनके पास एक दिन पहले थी, आगे दूसरे के लिए देख रहे थे, लेकिन हवा और लहरों के उसी सृष्टिकर्ता को भूल गए जो नाव में लेटा हुआ था।

279 परमेश्वर जो वहां उन पहाड़ों में था, उसके वचन के अनुसार भूरे रंग के ग्रिजली भालू को वहां रखने के लिए, जो प्रमाण के लिए वहां फर्श पर पड़ा हुआ है।

280 अब, यदि आप उस व्यक्ति को लिखना चाहते हैं, तो बस एस–ओ–यू–टी–एच–डब्लू–आई–सी–के, बड साउथविक को लिखे, बड साउथविक, फोर्ट सेंट जॉन, ब्रिटिश कोलंबिया, और उसके बाद उसे आपको वापस पत्र लिखने दो। और वैसे, यदि आप शिकार की यात्रा पर जा रहे हैं, तो वहां पर साथ जाने वो एक अच्छा व्यक्ति है।

281 अब ध्यान दें। उसने उस सड़क पर आने–जाने वाले सभी शिकारियों के बीच इस बात को बताया, इतना तक मुझे विश्वास है कि मैं अगली बार वहां पर जाऊंगा तो एक वास्तविक सभा को करूंगा, बस उन गाईड लोगो या मार्गदर्शकों के साथ, हाँ, उन चीज़ों को वैसे ही होते हुए देखने के लिए जैसे वे होती हैं। यह पिछले वर्ष की बात है।

282 यह इस वर्ष की बात है, ठीक अभी की। वही यीशु जिसने यह प्रतिज्ञा की थी, कहा, "मैं तुझे कभी नहीं छोडूंगा और ना ही कभी त्यागूंगा। मैं हमेशा तुम्हारे साथ रहूंगा, संसार के अंत तक भी।" आप यह विश्वास करते हैं?

283 ऐसे प्रमाणों के साथ, ऐसे प्रमाणित सच्चाई के साथ, सकारात्मक सच्चाई, हम किसी और तरह से कैसे महसूस कर सकते हैं सिवाये इसके कि हम उस छत में से होकर निकल जाये, रेपचर में चले जाए? क्या हमने दुनिया की चीज़ों को इस तरह से अपने ऊपर हावी होने दिया है, जहां, हम ऐसी महत्वपूर्ण बातों को देखते हैं जो कि सकारात्मक है, जो सत्य साबित हुई है?

284 अब, यहां पर हर एक बीमार व्यक्ति, यदि आप केवल उसी एक पर विश्वास करेंगे जिसने यह प्रतिज्ञा की है, और उसी एक के द्वारा जिसने उस लड़के की मिर्गी को दूर किया, उस मनुष्य को, तो वो वही परमेश्वर है जो ठीक अभी यहाँ पर है। यदि मैं इसे आप में से निकाल सकता, तो मैं इसे करूंगा, लेकिन मैं इसे नहीं कर सकता। उसने आपके लिए इसे पहले ही खरीद लिया है, और केवल एक चीज जो आपको करना है, वो है कि इसका विश्वास करें।

285 क्या हो यदि उस लड़के को दौरा पड़ता वो गिर जाता, और छोटी महिला कहती, "अब, उस शर्ट का क्या करना है?" यह शायद किसी और पर काम नहीं करेगा। देखा? केवल उसी पर, क्योंकि यह उसके लिए भेजा गया है। नामान ने सात बार नदी में डुबकी लगाई; लेकिन कोई तो और, डुबकी लगाता, शायद उनका कोढ़ ठीक नहीं होता। देखा? लेकिन ध्यान दें। जो वह कहता है वह सत्य है, एक प्रमाणित, सिद्ध सच्चाई।

286 अब, देर हो रही है, कि एक प्रार्थना पंक्ति को भी लिया जाए। आइए—आइये इसे कुछ मिनट के लिए रोक दें।

287 आइए जरा सोचे। क्या यही है परमेश्वर ने जिसकी प्रतिज्ञा की है? यह सच्चा पवित्र आत्मा होगा जो यह करेगा। यह सही है? अच्छा, कौन कहता है कि वह पवित्र आत्मा नहीं था? वो था। "मैं और मेरा पिता एक हैं।" पवित्र आत्मा उसका पिता था। "वह जन्म को देगी। वह पवित्र चीज जो उसके गर्भ में है, वह पवित्र आत्मा की ओर से है।" इसलिए, पवित्र आत्मा और परमेश्वर स्वयं एक ही आत्मा है, और यह उसमें था।

288 और देखो उसने क्या किया जब एक स्त्री ने उसके वस्त्र को छुआ, जब उसने श्रोतागण की ओर देखा और उनके विचारों को परखा। क्या वचन नहीं कहता, कि, "परमेश्वर का वचन दोधारी तलवार से भी तेज है, हृदय के विचारों को परखने वाला है"? क्या वो प्रतिज्ञा नहीं करता है, संत यूहन्ना 12 में, या संत यूहन्ना 14:12 में, कि, "वह जो मुझ पर विश्वास करता है, जो काम मैं करता हूं वह भी करेगा"? या, क्या यह कभी विफल हुआ है, लेकिन यही जो सच्चाई है?

289 तब, परमेश्वर यहां पर है। वह यहां पर है कि हर व्यक्ति को यहाँ चंगा करे। वह यहां हर एक खोए हुए प्राण को बचाने के लिए है। और इससे पहले कि मैं एक वेदी की पुकार करूं, जैसा कि मैं करने के लिए अगुवाही

को महसूस करता हूं, देखो, इस वेदी की पुकार को करने के लिए, आइए बस उसे पुकारे। आप में से कितने लोग हार मानेंगे, या कहेंगे, “यदि मैं कर सकता... ” हो सकता है यहां पर जो अजनबी लोग है, कहे, “मैंने उन सभाओं में से एक भी कभी नहीं देखा। मैंने—मैंने लोगों को इन चीजों के बारे में बात करते सुना है, लेकिन मैंने—मैंने वास्तव में इसे कभी नहीं देखा है। यह मेरे ह्रदय को प्रोत्साहित करेगा यदि मैं देख सकता हूं कि मसीह की वही उपस्थिति लोगों के बीच में आती है और वही काम को करता है जो उसने किये थे।” क्या यह आपको प्रोत्साहित करेगा?

290 आइये अपने सिरों को झुकाये; कुछ शब्द के लिए। हर एक आंख बंद है। अब आत्मा को आने दे, जो वचन के पीछे–पीछे आता है।

291 अब, पिता, मेरे पास, सबसे अच्छा जो मैं जानता हूं कि कैसे, आप मेरे ह्रदय को जानते हैं... यह जानते हुए कि ये लोग इस गर्मी के नीचे सहन कर रहे हैं, और यह कि वे भीड़ में खड़े हुए हैं, लेकिन वे बहुत ही धैर्यवान रहे हैं। मैं कल्पना कर सकता हूं कि यह उसी प्रकार की भीड़ थी जो उस दिन समुंद्र तट पर खड़ी हुई थी और आपको नाव से बोलते हुए सुना था। और फिर आपने उन्हें बताया, “वहां गहराई में चलो, और मछिलयां पकड़ने के लिये अपने जाल डालो।” यह नहीं देखा कि वहाँ कुछ है या नहीं। वे वहाँ थे।

292 और कैसे उस प्रेरित के उन महत्वपूर्ण शब्दों को कहा, “प्रभु, हमने सारी रात जाल को डाला और कुछ भी नहीं मिला; लेकिन फिर भी, आपके वचन पर हम जाल डालने जा रहे हैं।” और जब वे आपके वचन की आज्ञा में रहे, तो उन्होंने बहुत सी मछलियाँ पकड़ लीं, यहाँ तक कि उनके जाल फटने लगे।

293 प्रभु यीशु, कोई संदेह नहीं कि बहुत सी महिलाओं ने उस सुबह को कपडे धोना छोड़कर, बहुत से लोगों ने अपने खेतों को छोड़ कर, फसलों से, मछुआरों ने अपने जालों को छोड़ दिया, कि परमेश्वर के वचन को सुने। प्रभु यीशु, यदि आप आज रात यहां भौतिक रूप से होते, यह बहुत ही संदेहास्पद है कि जितने लोग इकट्ठे हुए हैं, उससे अधिक लोग इकट्ठा होते। लेकिन ये लोग विश्वास करते हैं कि आप मरे नहीं हैं, कि आप मरे हुओं में से जी उठे, और आप अपने वचन को प्रगट में लाते हैं और अपने वचन को पूरा करते हैं, वो वचन जो मैंने आज रात पवित्र वचनों में से उनके

लिए पढ़ा है।

294 और जैसे हमारे प्रभु को एक समय एक बाईबल दी गई थी, या वो—वो लिपटी हुई पुस्तक, और उसने पढ़ा, और वह बैठ गया। और उसने कहा, “आज के दिन यह वचन पूरा हुआ है।”

295 इसे फिर से होने देना, प्रभु। इसे फिर से होने देना, कि इसी दिन, इसी रात को, कि जो वचन मैंने पढ़ा है, होने पाए वह पूरा हो जाये। और हम सभी पूरे सप्ताह यही सिखाते रहे हैं कि यही वह बात है जो अंत समय को साबित करेगी। और तब हमारे ह्रदय प्रसन्नचित्त होकर यहाँ से जायेंगे।

296 यहां बहुत से हो सकते हैं, प्रभु, जिनसे आप बात कर रहे हैं। आपके वचन को जानने के लिए आज रात हमारी सहायता करें, आपका वचन सत्य होने के लिए प्रमाणित हुआ है। इसे प्रदान करे, पिता।

297 और जब हमने अपना सिर झुकाया है, बस सर्वेक्षण के लिए, ताकि मैं प्रचार करने से खुद को शांत कर सकूं। आप में से कितने लोग यहां पर है, जो वास्तव में नया जन्म पाये हुए मसीही नहीं है? अब, हो सकता है आप कलीसिया जाते हो, लेकिन यह वह नहीं है जो मैं पूछ रहा हूं। आप... यदि आप एक नया जन्म पाए हुए मसीही नहीं हैं, लेकिन आप विश्वास करते हैं कि एक जीवित यीशु है, एक सच्चा पवित्र आत्मा, और आप चाहेंगे कि अब उसे याद किया जाए, क्या आप बस, जबकि अब हर एक सिर झुका हुआ है, और आंखें बंद है, केवल अपने हाथ को उसकी ओर उठाये, “प्रभु, मुझे याद करे”? परमेश्वर आपको आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे, आपको, आपको। परमेश्वर आपको आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे। यह बहुत अच्छा है। क्या वहां पर कोई और है?

298 अब, हम संख्या में बहुत अधिक नहीं है। लेकिन, क्या आप जानते हैं, यह जो संसार है ये बड़ी-बड़ी चीजों के लिए और बड़ी संख्या के लिए देखता है? जैसा कि हमने पिछली शाम को कहा था, यह केवल छोटी, धीमी सी आवाज थी जिसने भविष्यवक्ता को आकर्षित किया कि अपने मुंह पर पर्दा किये हुए सामने आए।

299 अब, आपके पास परमेश्वर में विश्वास है। मेरे भाई, मेरी बहन, परमेश्वर में विश्वास रखें। और यदि हमारा महान, दयालु प्रभु यीशु आएगा, जहां यह वचन यहां पर रखा हुआ है, उसका अपना वचन खुला है, और आपको साबित करेगा कि यह पवित्र आत्मा, जिसके विषय में मैं बोलता हूं, वह

सत्य है! हो सकता है आप बहुत सी चीजों के साथ बहुत सी बार उलझन में पड़ गए होंगे, लेकिन यह केवल यह दिखाता है कि कहीं तो वास्तविक है। और जब वह ऐसा करता है, तो मैं चाहता हूं कि आप जो अपने हाथों को ऊपर उठाये हुए है, कि आकर, कुछ क्षण के लिए मुझे देखे।

अब आप अपने सिरो को उठा सकते हैं।

300 प्रभु यीशु, अब इस सभा को अपने हाथों में ले। मैं आपका सेवक हूं। और सारे प्रचार... आपके द्वारा कहे गए एक वचन का अर्थ हमारे पूरे जीवनकाल में कहे गए सभी शब्दों से कहीं अधिक होगा; सिर्फ एक वचन। अब इसे प्रदान करें, पिता, जैसा कि मैं इसे समर्पित करता हूं, उन गवाहियों को। आप जानते हैं कि वे सच्चे हैं, पिता। आप ही वो एक थे जिसने उन्हें दिया था। और वे कभी भी असफल नहीं हुए। इसे प्रदान करें, यीशु के नाम में। आमीन।

301 अब, यहाँ कितने लोग है, जिनके पास प्रार्थना के कार्ड नहीं है, जो बीमार है? अपने हाथों को ऊपर उठाये, हर जगह भवन में, जिसके पास प्रार्थना के कार्ड नहीं है, और बीमार है। तो ठीक है। और जिनके पास प्रार्थना के कार्ड है, वे अपने हाथ उठाये। लगभग उतने ही होंगे। और वे सब मिले–जुले है।

302 अब, दर्शकों को देखते हुए, सबसे पहले, परमेश्वर के सामने और... आपके सामने ईमानदार रहूं। मैं यह जानता हूं, मैं *यहां* पर देख रहा हूं, कि मेरे कुछ मित्र जो यहां *इस* कोने में बैठे हुए हैं। भाई नोएल, उनकी—उनकी... और बहन जोन्स, और भाई आउटलॉ, मेरा बेटा, ये भाई लोग *यहां* पर है, और भाई मूर। मैं *इस* भाई को नहीं जानता, लेकिन मैंने उसे पिछले कुछ समय से सभाओं में देखा है। मैं *इस* भाई का नाम भी नहीं पहचान सकता, लेकिन मैं उसे सिर्फ चेहरे से पहचानता हूं। बहन ठीक *यहां* पर है, बहन विलियम्स। बहन शार्रिट कोने पर बैठी हुई है। वहां बहुत पीछे की ओर जेफरसनविले के आराधनालय के कुछ लोग है।

303 ठीक यहाँ पर मेरे एक बहुमूल्य पुराने मित्र बैठे हुए है, जो नब्बे वर्ष के है, जो ओहियो से आते है, जो देश भर में गाड़ी चलाकर जाते है। और मैं अफ्रीका के लिए रवाना हो रहा हूं, और वो और उनकी प्यारी पत्नी ने पूछा कि क्या वे मेरे साथ अफ्रीका जा सकते हैं। कहा, "हम भुगतान करेंगे... " नब्बे वर्ष के, एक जर्मन भाई, जो प्रभु को कभी नहीं जानते थे। जब मैंने

एक रात को प्रचार किया, तो वह उसके अच्छे कपड़े पहने हुए बपतिस्मा लेने के लिए वहां पर आये। नब्बे वर्ष के! बाहर...

304 मैं सोचता हूं, ओह, यह भाई वालड्रॉप और बहन वालड्रॉप *वहां* बैठे हुए हैं। अब, यह लगभग जहाँ तक... और ये भाई बॉर्डर्स है। अब, इसके बारे में यही है।

305 अब, मैं उनके नामों को बुला रहा हूं। अब, यदि आप जो मुझे इसी तरह से जानते हैं, तो प्रार्थना ना करें। समझे? मेरे लिए प्रार्थना करें। देखा?

306 लेकिन मैं चाहता हूं आप जो मुझे नहीं जानते, और जानते हैं कि मैं आपको नहीं जानता, मैं चाहता हूं कि आप अपने ह्रदय में कहे, "प्रभु यीशु, मैंने इस बोले गए विषय को सुना है। मैंने—मैंने आज रात इस सेवक को बाईबल में से इसे पढ़ते हुए सुना। मैंने उन गवाहियों को सुना, और मैंने भी ऐसी ही गवाही सुनी है, आप जानते हैं, अलग-अलग समय पर ऐसा हुआ। क्या हम अंत के इतने नजदीक है, प्रभु? क्या हम इतने नजदीक आ गये हैं? "

307 याद रखें, जब वो चिन्ह सादोम के लिए किया गया था, वो नगर जो जल गया, यीशु ने इसका उल्लेख किया, कहा, "जैसा ये... " यह अंतिम चिन्ह था जो उन्होंने उस नगर के नष्ट होने से पहले पाया था। और यीशु ने कहा कि मनुष्य के पुत्र के आगमन पर यही बात दोहराई जाएगी।

308 अब, आप जानते हैं कि यह सही है, कि कैसे... परमेश्वर, परमेश्वर देह में! कितने लोग विश्वास करते हैं कि परमेश्वर ने अब्राहम से बात की थी? जी हां। तो, बाईबल कहती है, "एलोहिम, " सो, यह—यही है वो—वो—वो आकाश और पृथ्वी का महान सृष्टिकर्ता, वह एक सर्व पर्याप्त है। वो था।

309 वह क्या दिखा रहा था? वह एक मनुष्य की देह में था, वहां पर खड़े होकर और बछड़े का मांस खाया, और गाय का दूध पीया, और फिर दृष्टि से ओझल हो सकता था। "मैं उस समय के अनुसार तुमसे भेंट करूंगा, जिसकी मैंने तुमसे प्रतिज्ञा की है।" देखा? उसे उसके नाम से पुकारा। और अपनी पीठ को घुमाकर कहा, "सारा कहां है? "

कहा, "वह आपके पीछे उस तंबू में है।"

कहा, "मैं जीवन के समय के अनुसार तुमसे भेंट करूंगा।"

310 और साराह ने कहा, “हुम्म, हुम्म,” पीछे तंबू में।

311 उसने कहा, “सारा क्यों हंसी?” याद रखें, बाईबल ने कहा कि वह उसके पीछे तंबू में थी। कहा, “सारा क्यों हंसी?”

सारा ने कहा, “मैं नहीं हंसी।”

कहा, “हां, तू हंसी।” देखा? यह सही बात है।

312 एक मनुष्य वहां खड़ा हुआ है, परमेश्वर स्वयं को मनुष्य देह में प्रतिनिधित्व कर रहा है। यीशु ने कहा कि ये मनुष्य के पुत्र के आने पर वही बात होगी: परमेश्वर अपनी कलीसिया में है, आपमें, मुझमें, स्वयं का प्रतिनिधित्व कर रहा है। अब, वहां एक छोटी महिला थी...

313 जब परमेश्वर मसीह में था, उसके पास पूर्ण रूप से आत्मा था। वह परमेश्वर था। मैं तो बस उसके सेवकों में से एक हूं, और आप बस उसके सेवकों में से एक हो। हमारे पास माप से—से उस आत्मा को दिया गया है। उसके पास बिना माप के था। “उसमें परमेश्वरत्व की देह की परिपूर्णता वास करती है।” मुझ में बस एक छोटा सा दान है, और आप में उसका एक दान है। लेकिन, कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कितना छोटा है, यह वही आत्मा है।

314 अब, यदि यह परमेश्वर का आत्मा है, तो यह परमेश्वर के कार्य को करेगा। अब, आप प्रार्थना करें और कहे, “प्रभु यीशु, एक बार एक छोटी महिला ने उसके वस्त्र को छुआ।” और हम कहते हैं...

315 यहाँ पर नए नियम में, उसने इब्रानियों में कहा, उसने कहा, “वह ठीक अभी एक महायाजक है, जिसे हमारी दुर्बलताओं की भावना के द्वारा छुआ जा सकता है।” कितने लोग जानते हैं कि यह बाईबल है? कहे, “आमीन।” [सभा कहती है, “आमीन।”—सम्पा।] निश्चय ही। तो ठीक है, यह सच होना ही है।

316 अच्छा, यदि वह कल, आज और युगानुयुग एक सा है, तो वह आपको कैसे उत्तर देगा? वैसे ही जैसे उसने कल दिया था, यदि वह आज भी वैसा ही है।

317 अब, आप प्रार्थना करें और कहे, “प्रभु यीशु, मुझे आपके वस्त्र को छूने दीजिये। और फिर, आपने भाई ब्रन्हम को एक छोटा सा दान दिया है, ताकि हमें प्रोत्साहित करे। और वह मुझे नहीं जानता। (मैं *यहाँ* बहुत पीछे

बैठा हुआ हूँ; और यहाँ पर हूं; और *यहाँ* नीचे; और जहाँ कहीं भी मैं बैठा हुआ हूं... ) वह मुझे नहीं जानता, लेकिन आप मुझे जानते हैं। और मुझे आपकी महान आत्मा को देखने दो, प्रभु। ऐसा इसलिए नहीं कि मुझे ऐसा करना है, बल्कि इसलिए कि मुझे और बाकी लोगों को प्रोत्साहन मिले, क्योंकि हमने वचन पढ़ा है। मुझे अपना वस्त्र छूने दो, फिर आप वापस जवाब देना। प्रभु, आज रात मुझे उस उद्देश्य के लिए उपयोग किया जाए। यह सारे श्रोतागण को दिखायेगा कि आप अब भी जीवित है।" यह अद्भुत होगा यदि वह ऐसा करेगा?

318 अब, आप बस एक प्रकार से प्रार्थना करें, आप अपने आप में, धीमी आवाज़ से। कहे, "प्रभु, मुझे आपके वस्त्र को छूने दीजिये।" और मैं अपने आप को आत्मा के हवाले कर दूंगा, और उसके बाद पवित्र आत्मा बाकी के काम को करे। क्योंकि, अब, मैंने बात की है, गवाही दी है, लेकिन मैं अब और नहीं कर सकता। मैं अपनी राह के अंत में हूं।

319 मैं बस श्रोतागण को देख रहा हूं, यह देखने के लिए कि क्या मैं... मुझे इसे देखना है, आप जानते हैं। आप इसे समझते हैं।

320 पीछे मेरी बाईं ओर, बहुत पीछे की ओर, इमारत के लगभग बीच में पीछे की ओर, एक महिला प्रार्थना कर रही है। वह मरने पर है, यदि परमेश्वर उसकी सहायता नहीं करता है। उसे कैंसर है, और कैंसर उसके स्तन पर है। ओह, होने पाए वह इससे ना चूके!

मेरी सहायता करे, हे प्रभु।

बहन, यदि आप विश्वास करेंगी! ओह, प्रभु! वो इससे चूक जाएगी।

प्रभु यीशु, हमारी सहायता करें, हम प्रार्थना करते हैं।

321 मैरी मे। आप वहां है। क्या हम एक दूसरे के लिए अजनबी है? मैं आपको नहीं जानता। आप मुझे नहीं जानती। क्या यही परिस्थितियाँ थी, और क्या... जो कुछ कहा गया था वह सच था? तब, विश्वास करें। यह खत्म हो जाएगा। आमीन।

322 अब, उस अंधकार से जो उसके ऊपर था, यह उजियाला हो गया है। निश्चय ही उस लड़के की तरह ही, जिससे मिर्गी भी दूर रही। वही परमेश्वर, जो वहां ऊपर उत्तर के जंगलो में था, वही परमेश्वर यहां पर है। केवल विश्वास करते रहे। आमीन। "यदि तुम विश्वास कर सकते हो!"

323 यहाँ यह मेरे सामने बैठी हुई एक महिला के ऊपर है। उसकी पीठ में कुछ तो गड़बड़ है। यह उसकी पीठ में एक डिस्क की समस्या है। वह—वह यहां से नहीं है। वह मोंटाना से है। उसका नाम कुमारी स्टब्स है। खड़ी हो जाये, यीशु मसीह के नाम में अपनी चंगाई को ग्रहण करे।

आपको दबाव डालने की आवश्यकता नहीं है। आराम से।

324 एक बड़ा व्यक्ति यहां बैठा हुआ है, मेरी ओर देख रहा है, *इस* तरह से कर रहा है। विश्वास करे। आप ठीक हो जायेंगे। नसों से संबंधी परेशानी है। यदि आप इसका विश्वास करते हैं, तो परमेश्वर आपको चंगा करेगा।

325 वो महिला स्त्री रोग की परेशानी के साथ है। इसे विश्वास करें, और आप चंगी हो सकती हैं। वापस घर जाये, और परमेश्वर में विश्वास रखे। मैंने क्यों कहा कि घर वापस जाये? आपको वापस न्यू मैक्सिको जाना है, वहां पहुंचने के लिए, श्रीमान और श्रीमती वाटकिंस। अब, आप जानते हैं कि मैं आपको नहीं पहचानता। आमीन।

326 वह महिला जो ठीक आपके पीछे है, पैर में फोड़े के साथ है, कुमारी ब्राउन। क्या आप विश्वास करेंगी कि परमेश्वर आपको चंगा करेगा? आप बहुत रुचि रखती हुई दिखाई देती हैं। अब, आप जानती हैं कि मैंने आपको अपने जीवन में कभी नहीं देखा। यह आपके बाएं पैर पर है। अब, आप अपने पूरे ह्रदय से विश्वास करें, आप चंगी हो जाएंगी।

327 महिला हिलने की कोशिश कर रही है, और उसे गठिया रोग है। यह उसे बुरी तरह से जकड़ रहा है। श्रीमती फेयरहेड, आप अपने पूरे ह्रदय से विश्वास करे, और आप चंगी हो जायेंगी। अब, आप जानती हैं कि मैंने आपको अपने जीवन में कभी नहीं देखा। कि, ओह... [बहन कहती है, "... पहले ही चंगी हो गई थी। मैं पहले ही चंगी हो गयी हूं, और मैं जानती हूं कि यह मुझे चंगा करेगा।"—सम्पा।] आमीन। जी हां।

328 अब आप अपने पूरे ह्रदय से विश्वास करती हैं? अब, वो क्या करेगा? "वह उन बातों को लेगा जो मैंने आपको बताई है, और उन्हें आपको दिखायेगा। और उसके बाद वह आपको उन बातों को दिखाएगा जो होने वाली है।" आप समझ गयी मेरा क्या अर्थ है? क्या आप उस पर विश्वास करती हैं?

अब आईये अपने सिरो को फिर से झुकाये।

329 अब, आप जो जानते हैं कि यदि आप आज रात इस जीवन से चले जाएंगे, कि आप... नहीं होंगे... आप जा चुके होंगे, आपने फिर से जन्म नहीं लिया है। "जब तक मनुष्य फिर से जन्म ना ले, वह राज्य को देख भी नहीं सकता।" तुम ठीक *यहाँ* क्यों नहीं आ जाते? यहां खड़े हो जाए और आओ हम आपके लिए प्रार्थना करें, ठीक यहां, बस एक मिनट में। क्या आप ठीक अभी इस आत्मा की उपस्थिति में आयेंगे?

330 जब तक आप प्रभु के आगमन को नहीं देखेंगे, तब तक आप कभी भी कुछ भी बड़ा घटित होते नहीं देखेंगे। अब, बस याद रखें। निश्चय ही मैं जानता हूं कि मैं किस विषय में बोल रहा हूं, या तो वह सेवकाई को प्रदान नहीं करता। अब इसे आप को छोड़ आगे ना जाने दें। क्या आप ईमानदार है?

331 क्या आप आयेंगे? यदि नहीं, तो फिर, आपके और परमेश्वर के बीच में, यह रखा हुआ है। मैं निर्दोष हूं। मैं पूरी तरह लहू से शुद्ध हूं, क्योंकि मैंने आपको सत्य बताया है। मैंने आपको वचन का प्रचार किया है। मैंने आपको बता दिया है कि वो क्या था। और वह, जब वह आया, उसने साबित किया कि वह तब क्या था; और वो मुझे साबित करने देता है कि वो अभी क्या है। वह वैसा ही है जैसा वह उस समय पर था। आप इसे विश्वास करते हैं?

332 तो फिर, कितने यहाँ पर बीमार है, दूसरे यहाँ पर है जो बीमार है? अपने हाथों को ऊपर उठाये।

333 अब अपने हाथों को एक दूसरे पर रखें, और आइए हम आपके लिए विश्वास की प्रार्थना को करें।

334 अब मैं आपसे शांतिपूर्वक कुछ पूछना चाहता हूं। यदि परमेश्वर, क्या परमेश्वर आकर और उस अद्भुत कार्य को कर सकता है! एक अद्भुत कार्य कुछ तो ऐसा होता है जिसे समझाया नहीं जा सकता है। अब, यदि आप आसपास इन लोगों में से किसी से भी सवाल करना चाहते हैं, तो जाकर उनसे सवाल करें, किसी भी समय कहीं भी। देखा? केवल याद रखें, यह परमेश्वर है। यह यहाँ केवल छोटे-छोटे दर्शन है। कौन—कौन, यह क्या कर रहा है? यह आप स्वयं है। आप ही है जो यह कर रहे हैं।

335 आप देखिए, जब उस स्त्री ने उसके वस्त्र को छुआ, तो उसने कहा, "मुझ में से सामर्थ निकली।" परंतु जब पिता ने उसे लाजरस के विषय में दिखाया, और वह दूर चला गया और वापस आकर, और लाजरस को

मरे हुओं में से जिलाया, उसने कभी भी "सामर्थ" निकली नहीं कहा। यह परमेश्वर था जो उसके खुद के दान का उपयोग कर रहा था, और जो दूसरा था वो एक स्त्री थी जो परमेश्वर के दान का उपयोग कर रही थी।

336 मैं परमेश्वर का दान नहीं हूं। यीशु मसीह परमेश्वर का दान है। ये तो बस एक दान है जो उसने मुझे दिया है, कि मैं उस तरह से जन्मा था, अवचेतना और चेतना के साथ (पहले चेतना) ठीक एक साथ होते है। आपको सोने की जरुरत नहीं होती; आप बस इसे देखते है। पवित्र आत्मा अवचेतना पर आता है ठीक वैसे ही जैसे यह पहले चेतना पर आता है। यदि यह आपके अवचेतना पर आता है, तो आपके पास एक आत्मिक स्वप्न होगा। यह मेरे ऊपर आता है, मैं स्वप्न नहीं देखता। मैं बस वहां पर देखता हूं और इसे देखता हूं। समझे? और, हम जन्मे हैं, आप अपने आप को कुछ भी अलग नहीं बना सकते। आप इसी तरह से जन्मे हैं। देखा? "दान और बुलाहट बिना पश्चाताप के है।" यह क्या करने के लिए होता है? यीशु मसीह को प्रकट करने के लिए। वह कल, आज और युगानुयुग एक सा है।

337 अपने हाथों को एक दूसरे पर रखते हुए, मैं विश्वास करता हूं कि आप अपने ह्रदय को ठीक अभी परमेश्वर की देख–रेख में सौंप देंगे, "प्रभु, मुझे जाँच। क्या मैं संसार की चीजों के द्वारा इतना सुन्न हो गया हूं, कि मैं इस महान घड़ी को जो गुजर रही है, देखने में असफल हो रहा हूँ? "

338 आप जानते हैं, यह हमेशा से ऐसा ही रहा है। यह ठीक कलीसिया में से होकर गया, और उन्होंने इसे कभी नहीं जाना। यही इतिहास है। मित्रों, इसे जाने ना देना, कि एक शब्द को बार–बार प्रमाणित होते हुए देखना, परमेश्वर के वचन को प्रगट होते हुए देखना, और यीशु मसीह का वही व्यक्ति ठीक इन लोगों के बीच में आये और ठीक उसी तरह से करे जैसे उसने पहले किया था।

339 स्वर्गीय पिता, मैं अब महसूस करता हूं, प्रभु, कि आपका वचन पढ़ा गया था। गवाही को दिया गया है। पवित्र आत्मा नीचे उतर आया और उस वचन और गवाही को प्रमाणित किया। अब यह लोगों के हाथों में है, प्रभु। यह उनके गोद में रखा गया है। ऐसा कुछ और नहीं है जो मैं कहना जानता हूं। और मैं कुछ भी और नहीं जानता सिवाय जो आपने वचन में लिखा है, जो आप करेंगे, क्योंकि आपने उन्हें पहले ही चंगा कर दिया है। यह तो केवल उन्हें विश्वास दिलाने के लिए है। और आप इस तरह की चीज को

कर रहे हैं, और हम अब और कैसे संदेह कर सकते हैं? हम भला कैसे शैतान को अनुमति दे सकते हैं कि हमारे चेतना को और अधिक सुन्न कर दे?

340 शैतान, मैं इस चंगाई को इन लोगों पर घोषित करता हूं, और तुझसे कहता हूं, "मैं तुम्हे प्रभु यीशु मसीह के नाम में, यहां से बाहर निकलने के लिए कहता हूं। यीशु मसीह के नाम में बाहर आ, और इन लोगों को जाने दे।"

341 अब, यदि आप उस पर विश्वास करते हैं, तो अपने पैरों पर खड़े हो जाये। आप विश्वास करते हैं? तब अपने पैरों पर खड़े हो जाये, और परमेश्वर की स्तुति करें। खड़े हो जाए और इसका विश्वास करे। अब और संदेह ना करें।

342 यीशु मसीह के नाम में, पवित्र आत्मा इन लोगों के लिए आनंद, सामर्थ, पुनरुत्थान, जीवन को लेकर आये, प्रभु।

343 अब उसकी स्तुति करें, और उसका पवित्र नाम को धन्य हो। हम उससे प्रेम करते हैं। हम उसकी स्तुति करते हैं। हम उसकी आराधना करते हैं, जो अतुलनीय है, एक जो अनंत है, जीवित परमेश्वर का पुत्र। उसके नाम में, उसे ग्रहण करें। वो यहां पर है। आमीन।

63-0118 सच्चाई का आत्मा
चर्च ऑफ़ आल नेशंस
फोनिक्स, एरिज़ोना यू.एस.ए

HINDI

©2024 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

## सर्वाधिकार सूचना

सर्वाधिकार सुरक्षित। इस पुस्तक को व्यक्तिगत उपयोग के लिए घर के प्रिंटर पर छापा जा सकता है या यीशु मसीह के सुसमाचार को फैलाने के लिए एक साधन के रूप में निःशुल्क दिया जा सकता है। वॉयस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग्स® की स्पष्ट लिखित अनुमति के बिना इस पुस्तक को बेचा नहीं जा सकता, बड़े पैमाने पर प्रतिलिपि तैयार नहीं किया जा सकता, वेबसाइट पर पोस्ट नहीं किया जा सकता, पुनर्प्राप्ति प्रणाली में संग्रहीत नहीं किया जा सकता, अन्य भाषाओं में अनुवाद नहीं किया जा सकता, या धन मांगने के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता।

अधिक जानकारी या अन्य उपलब्ध सामग्री के लिए कृपया संपर्क करें:

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org